तापमान
24.6° अधिकतम | 12.6° न्यूनतम

# शुभम संदेश

एक राज्य - एक अखबार

www.lagatar.in | रविवार, 04 फरवरी 2024 ● माघ कृष्ण पक्ष 10, संवत 2080 ● पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹ 6 ● वर्ष : 1, अंक : 287 | आमंत्रण मूल्य : ₹ 3 मात्र

हैदराबाद में सत्तारूढ़ गठबंधन के विधायक



**परिंदा भी नहीं मार सकता पर**

चप्पे-चप्पे पर पुलिस के जवान हैं तैनात

# हैदराबाद रिजॉर्ट में झारखंड के विधायकों की कड़ी पहरेदारी

शुभम संदेश नेटवर्क। रांची/ हैदराबाद





झारखंड के विधायकों को हार्स ट्रेडिंग से बचाने के लिए हैदराबाद के रिजॉर्ट में रखा गया है. यहां उनके खानपान के लिए अलग स्थान रखा है. कमरों की पहरेदारी की खातिर जवान तैनात किये गए हैं. विधायक 2 फरवरी को रांची से विशेष विमान से यहां पहुंचे थे. उन्हें शामरीपेट के लियोनिया होलिस्टिक डेस्टिनेशन ले जाया गया.

सत्ता पक्ष के 37 विधायकों को कांग्रेस की तेलंगाना प्रभारी दीपा दासमुंशी की निगरानी में ओ बिज ब्लॉक में ठहराया गया है. अनधिकृत प्रवेश को रोकने के लिए व्यापक तैयारी की गई है. रिजॉर्ट में जिस तल पर विधायकों का ठहराया गया है ,वहां जाने के लिए केवल एक लिफ्ट का उपयोग हो रहा है. विधायक के अलावा केवल अधिकृत व्यक्ति ही इसका इस्तेमाल कर सकते हैं. कोई भी व्यक्ति वहां नहीं जा सकता, जहां विधायकों को ठहराया गया है. पुलिस अधिकारी निकास और प्रवेश द्वारों की 24 घंटे पहरेदारी कर रहे हैं. विधायकों के कमरों की पुलिस कर्मी पहरेदारी कर रहे हैं और अनधिकृत निकास या प्रवेश वर्जित है. साथ ही, पहली मंजिल पर विधायकों के खान-पान के लिए अलग स्थान है, जहां अन्य अतिथि नहीं जा सकते. डाइनिंग हॉल की भी पुलिस कर्मी कड़ी सुरक्षा कर रहे हैं. सूत्रों ने बताया कि मोबाइल अब भी विधायकों के पास हैं और रिजॉर्ट में सादे लिबास में पुलिस कर्मी हैं. झारखंड में झामुमोनीत सत्तारूढ़ गठबंधन के 37 विधायक शुक्रवार को विमान से यहां आए थे.

विश्वास मत से पहले उनकी खरीद-फरोख्त करने का भाजपा द्वारा प्रयास किये जाने की आशंका के चलते यह कदम उठाया गया. पुलिस ने रिजॉर्ट की ओर जाने वाली सहायक सड़क पर अवरोधक लगाये हैं और वाहनों का प्रवेश निषिद्ध कर दिया है. कांग्रेस की तेलंगाना इकाई के सूत्रों ने कहा कि झारखंड के विधायक 5 फरवरी को रांची के लिए रवाना होंगे, जब चंपई सोरेन सरकार विश्वास मत का सामना करेगी.

## रिमांड पूरी होने तक ईडी की ही कस्टडी में रहेंगे हेमंत

प्रमुख संवाददाता। रांची

### ईडी कोर्ट ने हेमंत का आग्रह ठुकराया, होटवार जेल में रखने की नहीं मिली अनुमति



- अधिवक्ता और संबंधियों को रिमांड अवधि में आधे घंटे तक मिलने की दी है अनुमति
- हेमंत सोरेन की याचिका पर हाइकोर्ट में सोमवार पांच फरवरी को होगी सुनवाई

ईडी कोर्ट ने शनिवार को पूर्व सीएम हेमंत सोरेन के आग्रह को ठुकरा दिया है. कोर्ट ने उन्हें होटवार जेल में रखने की अनुमति नहीं दी है. हेमंत सोरेन ने पूछताछ के बाद रात में होटवार जेल में रखने का आग्रह किया था. अब रिमांड की अवधि में हेमंत सोरेन की पूरी कस्टडी ईडी के पास ही रहेगी. बताते चलें कि हेमंत सोरेन की ओर से महाधिवक्ता ने सुरक्षा के दृष्टिकोण से पूछताछ के बाद रात में होटवार जेल में रखने की अनुमति मांगी गई थी, जिसे अदालत ने स्वीकार नहीं किया. अदालत ने हेमंत सोरेन के अधिवक्ता, संबंधी एवं पत्नी को रिमांड अवधि में आधे घंटे मिलने की अनुमति दे दी है. वहीं ईडी द्वारा अपनी गिरफ्तारी को चुनौती देनेवाली हेमंत सोरेन की याचिका पर हाईकोर्ट ने 5 फरवरी को सुनवाई निर्धारित की है.

## मांडर में युवती का अधजला शव मिला शिनाख्त नहीं हुई

**मांडर (रांची)।** मांडर प्रखंड में शनिवार को युवती का जलता शव बरामद होने से सनसनी फैल गई. शव हातमा जंगल में मिला. ग्रामीणों ने युवती के जलते शव को देखा. इसकी सूचना पुलिस को दी. पुलिस ने पहुंच कर आग बुझाई.शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेज दिया. इस बीच, फॉरेंसिक विभाग की टीम ने भी मौके पर पहुंच कर जांच-पड़ताल की.

**हाथ में बंधी है मौली :** युवती की उम्र 19-20 साल होगी. बाएं हाथ में अंगूठी पहने है. मौली भी बंधी है. शरीर का ऊपरी हिस्सा जल गया है. युवती ने काले रंग की जींस और नीले रंग के जूते पहन रखे थे. शव के पास पिस्का मोड़ की मिठाई दुकान से खरीदे केक का डिब्बा मिला है.दो ग्लास भी मिले है. पाइप भी मिली है. आशंका है कि पेट्रोल डाल कर युवती को जलाया गया. इस पाइप से ही पेट्रोल निकाला गया होगा.

**हत्या के बाद पेट्रोल डाल कर शव जलाये जाने की आशंका**

मृतका का चेहरा पूरी तरह से जल गया है. उसके चेहरे पर चोट के निशान भी मिले हैं. इसलिए अनुमान है कि उसको जलाने से पहले उसके साथ मारपीट भी की गई होगी. शव की पहचान नहीं हो पाई है. पुलिस को आशंका है कि युवती की हत्या करने के बाद पेट्रोल डाल कर उसे जला दिया गया. आरोपियों ने साक्ष्य मिटाने के नियत से उसके शव को जला दिया है. पुलिस आगे की जांच में जुटी हुई है.

जाने-माने अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने हेमंत सोरेन का मामला न सुनने को लेकर सुप्रीम कोर्ट पर उठाये गंभीर सवाल, कहा- झारखंड के पूर्व सीएम को सोची-समझी साजिश के तहत फंसाया गया

# शीर्ष कोर्ट को यह स्पष्ट कर देना चाहिए कि किस मामले को सुनेगा

प्रवीण कुमार। रांची/ दिल्ली

वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने शनिवार को कहा कि सुप्रीम कोर्ट को हेमंत सोरेन की ईडी द्वारा गिरफ्तारी के मामले में हस्तक्षेप करने से इनकार करने से पहले मामले के गुण-दोषों को सुनना चाहिए था. सिब्बल ने साथ ही कोर्ट से इसको लेकर मानदंड तय करने का आग्रह किया कि लोगों को उसका रुख कब करना चाहिए. सिब्बल ने कहा कि सोरेन को इसलिए निशाना बनाया जा रहा है, क्योंकि केंद्र सरकार चाहती है कि कोई विपक्षी सीएम अपने पद पर बना ना रहे और हर जगह केवल डबल इंजन सरकार हो.

बता दें कि न्यायमूर्ति संजीव खन्ना, एमएम सुंदरेश और बेला एम त्रिवेदी की पीठ ने सोरेन की ओर से पेश कपिल सिब्बल व अभिषेक सिंघवी से हाईकोर्ट जाने को कहा था. सिब्बल ने कहा, हमें यह बताया जाना चाहिए कि हमें किस मामले में यहां (शीर्ष अदालत) आना चाहिए और किस मामले में नहीं. हमें नहीं पता कि सुप्रीम कोर्ट याचिका सुनेगा या नहीं. संविधान का अनुच्छेद 32 हर नागरिक को मौलिक अधिकारों से वंचित किये जाने की स्थिति में सुप्रीम कोर्ट से राहत लेने का अधिकार देता है. शीर्ष कोर्ट को एक ऐसी प्रणाली बनानी चाहिए, जिससे पता हो कि उसके पास कब जाना है और कब नहीं.

### अब हेमंत पर थोप देंगे और केस



सिब्बल ने दावा किया कि केंद्र सरकार राज्यों में कोई विपक्ष या उसका सीएम नहीं चाहती. उन्होंने आरोप लगाया, वे (दिल्ली के सीएम अरविंद) केजरीवाल के खिलाफ भी ऐसा करेंगे. वे केवल डबल इंजन वाली सरकार चाहते हैं, विपक्ष की कोई सरकार नहीं. सिब्बल ने दावा किया, अब, होगा यह कि हिरासत में रहते हुए हेमंत सोरेन पर 10 और मामले थोपे जाएंगे. ये सभी मामले गढ़े हुए होंगे, ताकि वह जेल से बाहर न आएं और उन्हें (भाजपा) 2024 (लोकसभा) में लाभ मिले. उन्होंने कहा कि यह एक आदिवासी के साथ किया जा रहा है, जिसे मनगढ़ंत आरोपों में गिरफ्तार किया गया है.

### हमें पक्ष रखने का मौका न देना निराशाजनक

राज्यसभा सदस्य ने कहा, मुझे लगता है कि भारत के इतिहास में शायद ही ऐसा कोई उदाहरण होगा, जब एक मौजूदा सीएम को गिरफ्तार किया गया हो और इस पर भी अनुच्छेद 32 के तहत सुनवाई नहीं हुई. सुप्रीम कोर्ट ने (कम से कम) हमारी बात सुनी होती और फिर सुनने के बाद, कहा होता, हम हस्तक्षेप नहीं करना चाहते, लेकिन हमें अपना पक्ष रखने का मौका भी नहीं दिया गया.

### सुप्रीम कोर्ट नहीं सुनेगा तो हम कहां जाएंगे

सिब्बल ने सवाल किया, यदि सुप्रीम कोर्ट इस मामले को नहीं सुनेगा तो हम कहां जाएंगे? उन्होंने सवाल किया कि देश में क्या हो रहा है और किस तरह की राजनीति हो रही है. उन्होंने कहा, आप (केंद्र) यह घोषणा क्यों नहीं करते कि हम सभी विपक्षी मुख्यमंत्रियों को हटा देंगे और अपनी सरकार बनाएंगे. शीर्ष अदालत के समक्ष अपनी याचिका में, सोरेन ने ईडी पर केंद्र द्वारा सुनियोजित साजिश के तहत उन्हें गिरफ्तार करने का आरोप लगाया था. उन्हें अपनी गिरफ्तारी की आशंका के कारण झारखंड के सीएम पद से इस्तीफा देना पड़ा. कुछ ही महीनों में लोकसभा चुनाव होने हैं. झामुमो नेता हेमंत सोरेन ने शीर्ष अदालत के समक्ष अपनी याचिका में ईडी पर उन्हें सुनियोजित साजिश के तहत गिरफ्तार करने का आरोप लगाया था. उन्होंने याचिका में कहा था कि अब से कुछ महीने बाद होने वाले लोकसभा चुनावों से पहले केंद्र के निर्देश पर यह कार्रवाई की गई. शीर्ष अदालत के समक्ष दायर याचिका में सोरेन ने उनकी गिरफ्तारी को अनुचित, मनमाना और उनके मौलिक अधिकारों का उल्लंघन घोषित करने का आग्रह किया था.

## दूसरा टेस्ट : टीम इंडिया को 171 रन की बढ़त

### यशस्वी के दोहरा शतक व बुमराह के 'सिक्सर' से बैकफुट पर अंग्रेज



06 विकेट चटकाए बुमराह ने

- दूसरी पारी में भारत का स्कोर 28/0 टीम इंडिया को 171 रन की बढ़त
- दोहरा शतक जड़ने वाले तीसरे सबसे युवा भारतीय बने यशस्वी जायसवाल



209 रन बनाये 22 साल के जायसवाल ने 290 गेंद की पारी में 19 चौके और सात छक्के की मदद से

विस्तृत खेल पेज पर

इंडिया घटक की बैठक मे न्याय यात्रा को ऐतिहासिक बनाने का हुआ निर्णय

## राहुल की न्याय यात्रा कल रांची में

प्रमुख संवाददाता। रांची




राहुल गांधी की यात्रा को लेकर शनिवार को इंडिया के घटक दलों ने बैठक की.

शनिवार को इंडिया गठबंधन की बैठक सीपीआई राज्य कार्यालय में संपन्न हुई. सोमवार को रांची में राहुल गांधी की न्याय यात्रा को ऐतिहासिक बनाने का निर्णय लिया गया. बैठक झामुमो के जिला अध्यक्ष मुस्ताक आलम की अध्यक्षता में हुई. संचालन सीपीआई के सचिव अजय सिंह ने किया. इंडिया की बैठक में कांग्रेस, माले, झामुमो, राजद, सीपीआई, सीपीएम, मासस, आप, टीएमसी के प्रतिनिधि शामिल हुए.

बैठक में मुख्य रूप से शहीद मैदान में राहुल की न्याय यात्रा में आयोजित सभा को ऐतिहासिक बनाने का निर्णय हुआ. सभी दल के लोगों ने एक स्वर में कहा कि रांची के एचईसी में जनसैलाब उमड़ेगा. पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोध कांत सहाय ने कहा कि एचईसी को बचाने के सवाल को प्राथमिकता से इस जनसभा में राहुल गांधी से उठाने की मांग करेगा. बैठक में सुबोध कांत सहाय, भुवनेश्वर मेहता, मुस्ताक आलम, एसके देओल ऊर्फ बटर सिंह, रंजन यादव, कैलाश यादव, जेपी साहू, अविनाश कुमार, संतोष रजक, अशोक यादव, बाबूलाल झा, सुखनाथ लोहरा, बीरेंद्र कुमार, अमल आजाद, जगरनाथ उरांव, आलोक कुजूर, कांग्रेस के योगेंद्र सिंह बेनी आदि शामिल थे.

## लोस में गूंजा जेएसएससी पेपर लीक मामला

**रांची।** लोकसभा में शनिवार को झारखंड के जेएसएससी पेपर लीक का मामला गूंजा. भाजपा सांसद संजय सेठ ने यह मामला उठाया. कहा कि एक तरफ पीएम नरेंद्र मोदी युवाओं को लाखों नौकरियां दे रहे हैं, वहीं दूसरी तरफ झारखंड में परीक्षा का पेपर ही लीक हो जा रहा है. संजय सेठ ने कहा कि राज्य के युवा रात भर ट्रेन और बसों में सफर करके अपने परीक्षा केंद्रों तक पहुंचे थे. परीक्षा हुई, तब इन्हें पता चला कि इस परीक्षा का प्रश्न पत्र एक रात पहले ही लीक हो चुका है. कहा कि झारखंड के मुख्यमंत्री भ्रष्टाचार के आरोप में जेल में हैं. राज्य का हर युवा खुद को ठगा महसूस कर रहा है. हर साल 5 लाख नौकरी देने का वादा करने वाली सरकार ने युवाओं के सपने रौंदे हैं. युवाओं को बेरोजगारी भत्ता देने का वादा किया, लेकिन किसी भी युवा को बेरोजगारी भत्ता नहीं मिला. अपनी मांगों के लिए आंदोलन करने वाले युवाओं को लाठियों से पीटा जा रहा है. उन पर लाठीचार्ज किया जा रहा है. सांसद ने मामले की सीबीआई से जांच कराने की मांग की.



### समीक्षा कर रही जेएसएससी

**रांची।** पेपर लीक मामले की समीक्षा जेएसएससी कर रही है. जेएसएससी के अनुसार परीक्षा कराने वाली एजेंसी द्वारा सीलबंद प्रश्न और अन्य सामग्री जिला कोषागार को दी गई थी. 22-23 जनवरी को संबंधित दंडाधिकारियों को सीलबंद सौंपा गया था. सील बंद बक्सा कितने बजे खोला गया है इसकी जांच की जा रही है. सील केंद्र अधीक्षक, मजिस्ट्रेट और अभ्यर्थी के सामने खोलना था, हालांकि आयोग ने लीक मामले में आयोग के अध्यक्ष व अन्य कर्मियों की संलिप्तता को नकारा है. आयोग से मिली जानकारी के अनुसार परीक्षा का आवेदन से लेकर परीक्षा के रिजल्ट की घोषणा तक के काम आउटसोर्सिंग कर दिए गए हैं. मालूम हो कि जेएसएससी द्वारा ली गई सीजीएल परीक्षा का प्रश्न पत्र लीक हुआ था. जिसके बाद छात्रों ने हंगामा किया तोड फोड भी की. जिसके बाद परीक्षा रद्द कर दी गयी और इसकी समीक्षा भी की जा रही है.

## ऐसी घटना होगी, हमें अंदेशा पहले से था : सुप्रियो भट्टाचार्य

विशेष संवाददाता। रांची



31 जनवरी को दिन के एक बजे से जो राजनीति नाटक शुरू हुआ, जिसके किरदार कई लोग बने. लोगों ने संवैधानिक प्रमुख को भी देखा, देखा कि राज्य 40 घंटे किस स्थिति में अभिभावक हीन बना रहा. ये बातें झामुमो प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहीं. उन्होंने कहा, यह असंवैधानिक साजिश थी. राज्यपाल महोदय की स्थिति और जो घटनाक्रम हुआ, उसके बाद उनका दिल्ली जाना, ये बातें आप देखेंगे,

### झामुमो जारी करेगा श्वेत पत्र

तो लगेगा कि किस प्रकार केंद्र की सत्ता डरी हुई है. भाजपा के लोग डरे हुए हैं. यह जो हुआ इसकी परिकल्पना हमलोग 29 दिसंबर 2019 की शाम से ही व्यक्त कर रहे थे. सीएम के इस्तीफे के बाद कार्यवाहक सीएम का चयन क्यों नहीं हुआ. जब लोगों में आक्रोश देखा, रात में बुला कर सरकार बनने का न्योता दिया गया. राज्यपाल ने किस आधार पर बहुमत सिद्ध करने को कहा. पार्टी जल्द श्वेतपत्र जारी करेगी और बताएगी कि कैसे गैरकानूनी तरीके से उसे और सरकार को परेशान किया गया है.

**हरहंजी हाईस्कूल का मामला** प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी के आदेश को भी हेड मैडम ने ठुकराया

# फेयरवेल में साड़ी पहन कर आने पर छात्राओं को नहीं मिला एडमिट कार्ड

सुनील कुमार गुप्ता। बेड़ो (रांची)





शिकायत लेकर बीआरसी पहुंची हरहंजी हाई स्कूल की छात्र छात्राएं. इनसेट में प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी सुनील कुमार केशरी की फाईल फोटो।

छात्राएं रोती रहीं, लेकिन शनिवार को विद्यालय की प्रधान शिक्षिका ने मैट्रिक परीक्षा लिखने वाली छात्राओं को एडमिट कार्ड नहीं दिया. उनकी गलती सिर्फ इतनी थी कि वो फेयरवेल पार्टी होने के कारण स्कूल साड़ी पहन कर आई थीं. उनका साड़ी पहन कर आना मैडम को नागवार गुजरा.

मैडम ने कहा, जब तक स्कूल ड्रेस पहन कर नहीं आओगी, एडमिट कार्ड नहीं मिलेगा. सोमवार से मैट्रिक की परीक्षा होनी है, लेकिन शाम तक रोने वाली छात्राओं को प्रधान शिक्षिका अर्पणा तिग्गा ने एडमिट कार्ड नहीं दिया. उत्क्रमित उच्च विद्यालय हरहंजी की मैट्रिक की वार्षिक परीक्षा लिखने वाली छात्राओं को तुगलकी फरमान जारी कर प्रधान शिक्षिका ने एडमिट कार्ड नहीं दिया. हैरानी वाली बात तो यह है कि मैडम ने बेड़ो के प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी सुनील कुमार केशरी के आदेश को भी ठुकरा दिया. बीईईओ ने बताया कि छात्राओं ने शनिवार को फेयरवेल पार्टी रखी थी इसलिए सभी छात्राएं साड़ी पहन कर आयी थीं. नाराजगी का कोई बड़ा कारण नहीं था. संकुल साधन सेवी विकास गुप्ता ने बताया कि 10वीं की छात्राएं मैडम की शिकायत लेकर बेड़ो के प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी के कार्यालय पहुंचीं. पहुंचने वाली सुशांति, सरस्वती, मीना, रेखा, शिवानी, सोनाली, मनीषा, सुनैना, शिल्पा, खुशबू, मनीता, अंजना, वीणा ने बेड़ो के बीईईओ से शिकायत की कि मैडम उन्हें एडमिट कार्ड नहीं दे रहीं.

छात्राओं ने बताया कि मैडम बोली हैं कि कहीं भी जाओ किसी की भी पैरवी लगाओ, एडमिट कार्ड नहीं मिलेगा. एडमिट कार्ड तभी मिलेगा, जब स्कूल ड्रेस में आओगी. पदाधिकारी ने मैडम को ऑफिस बुलवाया और तुरंत छात्राओं को एडमिट कार्ड देने का निर्देश दिया. लेकिन मैडम जिद पर अड़ी रहीं. मैडम ने प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी के आदेश को ठुकरा दिया. मैडम छात्राओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ कर रही हैं.






## ब्रीफ खबरें

### आडवाणी का योगदान अनुकरणीय : बाबूलाल

**रांची।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने लालकृष्ण आडवाणी को केंद्र सरकार द्वारा भारत रत्न से सम्मानित किये जाने पर खुशी जताई है. उन्होंने कहा कि आडवाणी ने अपने कुशल नेतृत्व से सदा-सर्वदा के लिए भारतीय राजनीति की दिशा बदली है. देश के जनमानस को संगठित कर भव्य राम मंदिर निर्माण के संकल्प को साकार करने में आडवाणी जी का योगदान हम सबके लिए अनुकरणीय है. आजादी के बाद देश के पुनर्निर्माण में आडवाणी जी की अहम भूमिका रही है. आडवाणी राजनीति में शुचिता के जीवंत उदाहरण हैं.

### जेईई मेन सेशन 2 की परीक्षा 4 व 15 अप्रैल को

रांची। ज्वॉइट इंट्रेंस एग्जामिनेशन मेन 2024 सेशन दो की परीक्षा की तिथि की घोषणा कर दी गई है. 4 और 15 अप्रैल को परीक्षा होगी. इसके लिए 2 फरवरी से 2 मार्च तक फार्म भरा जाएगा. परीक्षा शुल्क जमा करने की अंतिम तिथि 2 मार्च है. इस परीक्षा को नेशनल टेस्टिंग एजेंसी द्वारा आयोजित किया जाएगा. एनटीए द्वारा मिली जानकारी के अनुसार, 25 अप्रैल को रिजल्ट जारी किया जाएगा. एडमिट कार्ड परीक्षा से तीन दिन पहले जारी किए जाएंगे.

### पीएलएफआई संगठन ने किया कमेटी विस्तार

**रांची।** पीएलएफआई उग्रवादी संगठन ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा है कि एक फरवरी को सारंडा जंगल में कृष्णा यादव की अध्यक्षता में कमेटी का विस्तार किया गया है. इसमें मार्टिन केरकेट्टा को पार्टी अध्यक्ष और दुर्गा सिंह को उपाध्यक्ष बनाया गया है. वहीं कृष्णा यादव, जयप्रकाश यादव, महादेव मुंडा, अमृत होरो, अमर सिंह, संतोष यादव, कमल पाहन, कृष्णा हांसदा, जोन मुंडा, शंकर मरांडी, कामदेव पासवान, नासिर अंसारी, संतोष उरांव अरविंद घोष, शंकर महाकुंड व महेश प्रजापति को केंद्रीय कमेटी का सदस्य बनाया गया है. इसके अलावा कृष्ण यादव को झारखंड, महेश प्रजापति व अरविंद घोष को बंगाल, संतोष यादव व भगत उरांव को छत्तीसगढ़, शंकर मुंडा को ओडिशा, जयप्रकाश यादव को बिहार और मुखिया जी को असम का स्टेट कमेटी का सदस्य बनाया गया है.

### समाज कल्याण पदा. सुरभि सिंह का स्वागत

**रांची।** जिले की निवर्तमान समाज कल्याण पदाधिकारी श्वेता भारती की विदाई और नयी जिला समाज कल्याण पदाधिकारी सुरभि सिंह के सम्मान में स्वागत समारोह का आयोजन किया गया. जिला समाज कल्याण कार्यालय में आयोजित समारोह में कर्मियों ने श्वेता भारती के साथ अपने कार्य अनुभवों को साझा करते हुए उन्हें भविष्य की शुभकामनाएं दीं. श्वेता भारती ने बतौर डीएसडब्ल्यूओ अपने अनुभव साझा किये. उन्होंने सभी कर्मियों के सहयोग भावना की सराहना की. श्वेता भारती ने नई जिला समाज कल्याण पदाधिकारी सुरभि सिंह को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि जिला में सभी के सहयोग से विभागीय कार्य सुचारू रूप से जारी रहेगा.

---

कुपोषण, अशिक्षा व गरीबी वाले क्षेत्र के बजट में कटौती शर्मनाक

# आदिवासियों के सामाजिक न्याय पर प्रहार : बलराम

**संवाददाता। रांची**

सर्वोच्च न्यायालय के पूर्व राज्य सलाहकार सदस्य बलराम ने कहा कि पर्याप्त बजट आवंटन नहीं किये जाने से सतत विकास का प्रथम लक्ष्य, गरीबी को पूर्णतः खत्म करना, भूख की समाप्ति, खाद्य सुरक्षा और बेहतर पोषण और टिकाऊ कृषि को बढ़ावा देना का लक्ष्य हासिल करने में सरकार सफल नहीं हो सकेगी.

उन्होंने कहा कि आज के ट्राइबल विलेज में सिंगल स्कूली शिक्षक की व्यवस्था कायम है. पोस्ट मैट्रिक स्कॉलरशिप में कटौती की गयी है, पीवीटीजी (प्रीमिटिव ट्राइब्स) के लिए जो बजट लाया गया है, वह सिर्फ 20 करोड़ का है. जहां कुपोषण, अशिक्षा, गरीबी की स्थिति बनी हुई है, वहां बजट में कटौती करना सरकार के लिए शर्म की बात है. वे शनिवार को प्रेस क्लब में मीडिया से बात कर रहे थे. मौके पर दलित-आदिवासियों के लिए महत्वपूर्ण योजनाओं के सतही क्रियान्वयन के लिए सशक्त कानून बनाने की मांग रखी गयी. कहा कि इसका ड्राफ्ट भी झारखंड सरकार की फाइलों में लंबित है, जिसे टीआरआई ने कई राज्य स्तरीय बैठकों के जरिए तैयार किया है. मौके पर यूनाईटेड मिल्ली फोरम के अफजल अनिश, एडवोकेट निषाद खान, राष्ट्रीय भुईयां जागृति परिषद के मनोज भुईयां भी थे.



प्रेस वार्ता करते सुप्रीम कोर्ट के पूर्व राज्य सलाहकार सदस्य बलराम व अन्य.

**रखे विचार**

- पर्याप्त आवंटन के अभाव में लक्ष्य हासिल करना मुश्किल
- ट्राइबल गांव में सिंगल स्कूली शिक्षक की व्यवस्था कायम
- योजनाओं के क्रियान्वयन के लिए सशक्त कानून की मांग

### दलित-आदिवासियों के लिए 25% की हिस्सेदारी होनी चाहिए : रतन तिर्की

जनजातीय सलाहकार समिति के पूर्व सदस्य रतन तिर्की ने कहा कि सरकार की समावेशिता के वादों के बावजूद बजट निर्णय लेने वाले निकायों में दलितों और आदिवासियों का पर्याप्त प्रतिनिधित्व सुनिश्चित नहीं किया गया है. एक फरवरी को अंतरिम बजट पेश किया है. इसमें अनुसूचित जाति के कल्याण के लिए कुल 1,65,598 करोड़ रुपये और अनुसूचित जनजातियों के लिए 1,21,023 करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं. 2011 की जनगणना के आंकड़ों के अनुसार भारत में दलितों की जनसंख्या 16.80 % और अनुसूचित जनजातियों की जनसंख्या 8.60% है. इसके अनुसार देश के बजटीय प्रावधान में भी दोनों समुदायों को मिलाकर 25% की हिस्सेदारी होनी चाहिए.

### सरकार अपने नीतिगत निर्णयों को पूरा करने में अक्षम : जेम्स हेरेंज

सामाजिक कार्यकर्ता जेम्स हेरेंज ने कहा बजट विश्लेषण से यह साफ दिखता है कि सरकार अपने नीतिगत निर्णयों को पूरा करने में अक्षम साबित हुई है. उपरी तौर पर 2024 के बजट प्रावधान में अनुसूचित जाति के लिए 11.50 फीसदी और अनुसूचित जनजातियों के लिए 8.40 प्रतिशत ही बजट आवंटित है. लेकिन इस बजट की सूक्ष्मता में जाते हैं, तो बजट का एक बड़े हिस्से का प्रावधान ऐसी योजनाओं के लिए किये गये हैं, जिनसे आदिवासियों और दलितों का कोई संबंध नहीं है. अनुसूचित जातियों के लिए महज 44,282 करोड़ और अनुसूचित जनजातियों के लिए 36,212 करोड़ योजनाओं से ही सीधा लाभ मिल सकेगा. अनुसूचित जातियों के लिए यह कुल बजट का मात्र 3.10% तथा अनुसूचित जनजातियों के लिए 2.5% ही होगा.

---

भाजपा ने की 7 मोर्चों के प्रदेश अध्यक्षों की घोषणा

# 4 मोर्चों के अध्यक्ष पुराने, 3 नये

**संवाददाता। रांची**

भाजपा ने झारखंड में पार्टी के सभी 7 मोर्चों के नये प्रदेश अध्यक्षों के नाम की घोषणा कर दी है. प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने इनकी नियुक्ति की है. इनमें 5 मोर्चों के अध्यक्ष पुराने ही हैं, जबकि 3 मोर्चों में नये लोगों को जिम्मेदारी दी गई है. इनमें युवा मोर्चा और अनुसूचित जनजाति मोर्चा और महिला मोर्चा शामिल हैं. युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष किसलय तिवारी को हटाकर उनकी जगह शशांक राज को मोर्चा को प्रदेश अध्यक्ष बनाया गया है. वहीं अनुसूचित जाति मोर्चे के प्रदेश अध्यक्ष डॉ जीतू चरण राम की जगह किशुन दास नये प्रदेश अध्यक्ष बने हैं. महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष आरती कुजूर की जगह आरती सिंह को बनाया गया है.

| नाम | मोर्चा |
|---|---|
| किशुन दास | अनुसूचित जाति मोर्चा |
| पवन साहू | किसान मोर्चा |
| अमरदीप यादव | ओबीसी मोर्चा |
| शशांक राज | युवा मोर्चा |
| शिवशंकर उरांव | अनुसूचित जनजाति मोर्चा |
| आरती सिंह | महिला मोर्चा |
| अनवर हयात | अल्पसंख्यक मोर्चा |

### आम लोगों के लिए 6 से खुलेगा राजभवन उद्यान

**रांची।** राजभवन उद्यान आम लोगों के लिए छह फरवरी से खोला जा रहा है. उद्यान 12 फरवरी तक सुबह 10 बजे से अपराह्न तीन बजे तक खुला रहेगा. कोई भी व्यक्ति सुबह 10 बजे राजभवन के गेट नंबर-दो से अपना रजिस्ट्रेशन और सुरक्षा जांच कराकर दिन के एक बजे तक ही अंदर प्रवेश कर सकेंगे. प्रवेश पूरी तरह निःशुल्क होगा. राजभवन ने लोगों की भीड़ की संभावना को देखते हुए दर्शक को अंदर अधिकतम 30 मिनट तक ही भ्रमण करने की अनुमति दी है. प्रवेश करने के लिए हर व्यक्ति को अपने पास पहचान पत्र रखना अनिवार्य होगा. इस उद्यान में 400 किस्म के 17 हजार से अधिक गुलाब हैं. विदेशों से मंगाये गये फूल सहित भारत-पाकिस्तान युद्ध में उपयोग में लाये गये टैंक, बड़ा चरखा, शहीद स्थल आदि आकर्षण का केंद्र हैं. झारखंड राजभवन लगभग 52 एकड़ में फैला हुआ है. इसका निर्माण 1930 में हुआ था. आम लोगों के लिए सबसे पहले उद्यान वर्ष 2004 में खोला गया था. उस समय सैयद सिब्ते रजी झारखंड के राज्यपाल थे.

## झामुमो में हिम्मत है तो बताये भाग क्यों आए हेमंत : अरूण

**संवाददाता। रांची**

भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता अरुण उरांव ने झामुमो के महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य के बयान पर पलटवार किया. उन्होंने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन अपने कर्मों के कारण जेल गए हैं. भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने हेमंत सोरेन को कई बार पत्र लिखकर सचेत भी किया. दोषियों पर कारवाई की सलाह दी, लेकिन सत्ता के अहंकार में चूर होकर उन्होंने इस पर कोई ध्यान नहीं दिया.

अरुण उरांव ने यह भी कहा कि ईडी ने विधिसम्मत कार्रवाई की है. लूट और भ्रष्टाचार करनेवालों के खिलाफ कार्रवाई के लिए ही ईडी, सीबीआई जैसी संस्थाएं इस देश में काम कर रही हैं. झामुमो का यह सौभाग्य कहें या दुर्भाग्य कि इसके पहले भी कई गैर भाजपा सरकारों के कार्यकाल में उनके नेताओं को कार्रवाई में जेल जाना पड़ा है. इसके बावजूद ऐसे नेता सीख नहीं लेते हैं.

**धीरे-धीरे भ्रष्टाचार की सभी परतें खुलेंगी**

अरुण उरांव ने कहा कि आने वाले दिनों में समय के साथ भ्रष्टाचार की सभी परतें खुलेगी. झामुमो को उसका इंतजार करना चाहिए. झामुमो ने किस मजबूरी में चंपई सोरेन को नेता चुना है, यह जनता समझ चुकी है. इतना ही था तो झामुमो बताए कि सरफराज अहमद का इस्तीफा क्यों हुआ? क्यों कल्पना सोरेन को विधायक दल की बैठक में शामिल कराया गया? झामुमो को हिम्मत है तो बताए कि मुख्यमंत्री अपने दिल्ली आवास से फरार क्यों हुए? चार्टर्ड प्लेन से गए थे और भगोड़े की तरह भागते-भागते रांची क्यों पहुंचे? झामुमो को बताना चाहिए कि दिल्ली से रांची भाग कर आने के दौरान हेमंत सोरेन का रूट चार्ट क्या था. कौन-कौन सुरक्षा अधिकारी उनके साथ थे.

---


मिनी ट्रांसफर स्टेशन का नगर प्रशासक ने किया निरीक्षण, दिए निर्देश

# कचरे का अलग-अलग उठाव करें

**संवाददाता। रांची**

नगर निगम के प्रशासक अमित कुमार ने शनिवार को हरमू, कांटाटोली और खेलगांव में मिनी ट्रांसफर स्टेशन का जायजा लिया. एमटीएस में कचरा पृथकीकरण के बाद डोर-टू-डोर कूड़ा संग्रह की प्रोसेसिंग किस तरह की जा रही है और कंपैक्टर के माध्यम से कितनी क्वांटिटी में गीला कचरा झिरी भेजा जा रहा है, इसकी जानकारी ली.

उन्होंने स्वच्छता शाखा की टीम को निगम क्षेत्र के सभी वार्डों में स्रोत पृथककरण को बढ़ावा देने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिया. कहा



कि हर घर की सफाई के लक्ष्य के तहत गीला-सूखा कचरे का अलग-अलग उठाव करना आवश्यक है. जिन घरों या प्रतिष्ठानों के लोग अब भी मिक्स कचरा दे रहे हैं, उन्हें जागरूक करें. निगम की कूड़ा संग्रह करनेवाले गाड़ियों में भी गीला सूखा कचरा अलग-अलग रखने का साइन हरा और नीला रंग का बनाया गया है. उनमें भी अलग-अलग कर कूड़े का उठाव किया जाए. प्रशासक ने वार्ड सुपरवाइजर व जोनल सुपरवाइजर को गीला -सूखा कचरा अलग-अलग करने के लिए ग्राउंड लेवल पर मॉनिटरिंग करने का निर्देश दिया.

कहा कि झिरी में गेल इंडिया द्वारा बॉयोगैस प्लांट का निर्माण कराया जा रहा है. इसके लिए प्रतिदिन लगभग 150 मिट्रिक टन गीला कचरा देने की आवश्यकता है, ताकि प्लांट पूरी क्षमता के साथ अपना आउटपुट दे पाए. उन्होंने एमटीएस में खराब पड़ी गाड़ियों को जल्द से जल्द दुरूस्त करते हुए ईवी में विकसित करने के लिए आवश्यक कदम उठाने का निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिया.

---

केंद्रीय मंत्री ने खूंटी में किया पूर्वी क्षेत्र कृषि मेले का शुभारंभ

# किसानों को आत्मनिर्भर बना रहा केंद्र : मुंडा



**संवाददाता। रांची/खूंटी**

केंद्रीय कृषि एवं जनजातीय कार्य मंत्री अर्जुन मुंडा ने खूंटी में पूर्वी क्षेत्र कृषि मेले का शुभारंभ किया. इस मौके पर उन्होंने कहा कि यह मेला देश के पूर्वी क्षेत्र के किसानों के लिए काफी लाभदायक होगा, जिसकी सार्थकता खेतों में नजर आएगी.

उन्होंने आगे कहा कि केंद्र सरकार की कोशिश है कि हर राज्य खेती में आत्मनिर्भर बने और हमारे किसानों की आय बढ़े. किसानों को गर्व से यह कहने का मौका मिले कि हम किसी के मोहताज नहीं हैं, बल्कि हम मजबूत हैं और हमारे माध्यम से हमारा देश भी सशक्त है. रांची के राष्ट्रीय कृषि उच्चतर प्रसंस्करण संस्थान की ओर से खूंटी के तोरपा स्थित कृषि विज्ञान केंद्र में आयोजित कृषि मेले में पूर्वी राज्यों के हजारों किसान शामिल हुए हैं.

### उत्पादन के साथ-साथ उत्पादकता पर दे रहे ध्यान

अर्जुन मुंडा ने कहा कि आज हम इस अवस्था में हैं कि अपनी खाद्यान्न जरूरतों को पूरा कर सकें. लेकिन हमें भविष्य के लिए भी तैयारी करनी है, क्योंकि भूमि सीमित है और आबादी लगातार बढ़ रही है. ऐसे में उत्पादन के साथ-साथ उत्पादकता बढ़ाने पर भी ध्यान दिया जा रहा है. गुणवत्ता और पोषणयुक्त उत्पादन बढ़ाने के लिए प्रबंधन व गवर्नेंस के माध्यम से कोशिश की जा रही है. विज्ञान और तकनीकी को जोड़ते हुए परंपरागत और पोषक तत्वों की उपलब्धता वाली खेती को बढ़ाकर किसानों के जीवन में खुशहाली व आत्मनिर्भरता की दिशा में कार्य किया जा रहा है.

---

# आदिवासी सेना ने टीवी एंकर सुधीर चौधरी का पुतला फूंका

**संवाददाता। रांची**

आदिवासी सेना ने अल्बर्ट एक्का चौक में आजतक के प्राइमटाइम के एंकर सुधीर चौधरी का शनिवार को पुतला जलाया. इस मौके पर आदिवासी सेना के केंद्रीय सचिव मनसा बड़ाईक ने कहा कि पूर्व सीएम हेमंत सोरेन को ईडी द्वारा गिरफ्तार किया गया और टीवी एंकर सुधीर चौधरी ने आदिवासियों को 40 साल पीछे जंगल में जाने की बात कही थी.

इसी का विरोध करते हुए आदिवासी सेना के सैकड़ों लोगों ने विरोध जताया है. आदिवासी सेना के अध्यक्ष अजीत तिर्की ने कहा कि आजतक न्यूज चैनल के एंकर मोदी मीडिया हैं. भाजपा और आरएसएस के दलाल हैं, इसलिए आदिवासियों को नीचा दिखाने काम किया है. इसका विरोध देश भर में किया जाएगा. विभिन्न राज्यों के एसटी एससी थाना में एफआईआर दर्ज कराया जाएगा. राजभवन के समक्ष धरना देकर उन्हें गिरफ्तार करने की मांग की जाएगी. आदिवासी सेना के अनिल उरांव ने कहा कि मीडिया देश का चौथा स्तंभ माना जाता है. लेकिन आजतक के एंकर आदिवासी समाज को अपमानित करने का काम किया है.

---

आडवाणी को 'भारत रत्न' देने के निर्णय का सीपी सिंह ने किया स्वागत, कहा

# भारत की प्रगति में अहम योगदान

**संवाददाता। रांची**

पूर्व मंत्री और रांची विधायक सीपी सिंह ने कहा कि भारतीय राजनीति के शिखर पुरुष, वरिष्ठतम नेता, प्रखर राष्ट्रवादी एवं करोड़ों लोगों के प्रेरणास्रोत पूर्व उपप्रधानमंत्री लालकृष्ण आडवाणी को भारत रत्न दिए जाने की घोषणा अत्यंत सुखद और आनंददाई है. आडवाणी जी संघर्ष और राष्ट्र के प्रति अटूट समर्पण की यात्रा पर निकल पड़े थे. आरएसएस के साथ उनका जुड़ाव 1942 से है, जो राष्ट्रप्रथम के प्रति उनकी प्रारंभिक प्रतिबद्धता का प्रतीक है. जनसंघ के साथ आडवाणी जी का जुड़ाव 1951 में शुरू हुआ और पार्टी के लिए उनके अथक प्रयासों ने 1980 में भारतीय जनता पार्टी की नींव रखी. उनकी पहली चुनावी जीत 1970 में हुई, जब वह राज्यसभा के लिए चुने गए.

### 5 बार लोकसभा और 4 बार राज्यसभा सांसद रहे

लालकृष्ण आडवाणी 5 बार लोकसभा और 4 बार राज्यसभा के सांसद रहे. उन्होंने इस व्यापक सार्वजनिक जीवन के दौरान भारत की प्रगति में महत्वपूर्ण योगदान दिया है और राष्ट्र निर्माण के लिए विभिन्न क्षमताओं में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई. एक प्रतिष्ठित राष्ट्रीय नेता के रूप में उन्होंने अपनी विद्वता, संसदीय और प्रशासनिक कौशल से देश और लोकतंत्र को मजबूत किया.

**राम मंदिर आंदोलन में रही अहम भूमिका :** विधायक सीपी सिंह ने कहा कि उनके जीवन का एक महत्वपूर्ण क्षण 1990 में अयोध्या में श्रीराम मंदिर के निर्माण के लिए ऐतिहासिक रथ यात्रा थी. आडवाणी जी ने पहली बार 1986 में भाजपा अध्यक्ष का पदभार ग्रहण किया. इसके अलावा वे वर्ष 1993 और 2004 में भी पार्टी के प्रमुख बने.

---

आंदोलन के 18वें दिन एचईसी मजदूरों ने की सभा

# राहुल की सभा की तैयारी कर रही है एचईसी बचाओ समिति

**संवाददाता। रांची**

एचईसी बचाओ मजदूर जन संघर्ष समिति के बैनर तले एचईसी कर्मी अपने मांगों को लेकर आंदोलन पर हैं. आंदोलन के 18 वें दिन एचईसी मुख्यालय के सामने सभा की गई. इसमें राहुल गांधी के रांची आगमन और शहीद मैदान में आयोजित सभा की तैयारी की गई. प्रचार वाहन के द्वारा एचईसी इलाके में 5 फरवरी को कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी की सभा में शामिल होने का आग्रह किया गया. बता दें कि एचईसी बचाओ मजदूर जन संघर्ष समिति कर्मचारियों के वेतन भुगतान, अस्थायी कर्मचारियों के कॉन्ट्रैक्ट रिन्युअल को लेकर आंदोलन पर है. आंदोलन में कर्मचारियों के साथ अब अफसरों के शामिल होने की बात भी हुई थी. हालांकि शनिवार को कोई भी अफसर प्रदर्शन स्थल पर नहीं दिखा. एचईसी में अभी करीब 1100 स्थायी और 1500 अस्थायी कर्मचारी हैं. इन्हें अब तक कंपनी प्रबंधन द्वारा किसी भी तरह का भुगतान नहीं किया जा रहा है.

---

राहुल गांधी की रांची में न्याय यात्रा को लेकर सुरक्षा व्यवस्था पर जिला प्रशासन ने की बैठक

# कार्यक्रम को लेकर सभी कर्तव्यों का पालन करें : डीसी

**संवाददाता। रांची**

डीसी राहुल कुमार सिन्हा ने शनिवार को समाहरणालय सभागार में कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष सह सांसद राहुल गांधी की रांची में भारत जोड़ो न्याय यात्रा को लेकर सुरक्षा संबंधी बैठक की. इस दौरान सुरक्षा को लेकर डीसी ने संबंधित अधिकारियों को कई आवश्यक दिशा-निर्देश दिए. उन्होंने कहा कि कार्यक्रम के संदर्भ में दिए गए सभी कर्तव्यों का पालन करें.

बैठक में बिजली, पानी, शौचालय, फूड सेफ्टी, सुरक्षा संबंधी सारी व्यवस्थाएं, सेफ हाउस, वैकल्पिक मार्ग, कार्केड और टीम के लिए गाड़ी, एंबुलेंस समेत अन्य सभी आवश्यक



व्यवस्था करने का निर्देश संबंधित सभी अधिकारियों को दिया गया. बता दें कि 5 फरवरी को राहुल गांधी रांची में भारत जोड़ो न्याय यात्रा के तहत कार्यक्रम करेंगे. बैठक में सहायक कमांडेंट सीआरपीएफ शशि भूषण टोप्पो, पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) मनीष टोप्पो, एसडीओ (सदर) उत्कर्ष कुमार, अपर जिला दंडाधिकारी (विधि व्यवस्था) राजेश्वर नाथ आलोक, एनडीसी केवल कृष्ण अग्रवाल, कार्यपालक अभियंता बिल्डिंग डिवीजन- 1 व 2, सार्जेंट मेजर, खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी, विद्युत कार्यपालक अभियंता, फायर सर्विस अधिकारी, एसीएमओ, विद्युत आपूर्ति मंडल (पूर्वी), अध्यक्ष रांची जिला कांग्रेस, कार्यपालक अभियंता जेवीएनएल रांची, स्पेशल ब्रांच एवं संबंधित सभी पदाधिकारी उपस्थित थे.

**तैयारी समीक्षा**

- कल रांची पहुंचेगी राहुल गांधी की न्याय यात्रा
- अधिकारियों को दिए गए जरूरी दिशा-निर्देश

**सुरक्षा मानदंडों का पालन सुनिश्चित करने के निर्देश :** बैठक में डीसी ने वीआईपी मूवमेंट के सुरक्षा मानदंडों का पालन करते हुए सुरक्षा के हर पहलू को सुनिश्चित करने के लिए सीआरपीएफ और अन्य सुरक्षा एजेंसियों के बीच प्रभावी ढंग से समन्वय करने को कहा. संभावित सभी खतरों को ध्यान में रखते हुए, इस संबंध में समय-समय पर जारी एमएचए के दिशा-निर्देशों के अनुरूप सख्त सुरक्षा व्यवस्था कराने के निर्देश दिए गए. अधिकारियों और कार्यक्रम स्थानों के अधिकार क्षेत्र में टीमों के लिए परिवहन, बोर्डिंग और आवास व्यवस्था की व्यवस्था के लिए स्थानीय प्रशासन को दिशा-निर्देश जारी किया गया. सभी स्थानों पर मजबूत सुरक्षा व्यवस्था के लिए सभी यात्रा स्थलों व समारोह स्थलों और ठहरने के स्थानों पर करने को भी कहा गया.

---


केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री ने देवघर एम्स में किया विभिन्न सेवाओं का ऑनलाइन उद्घाटन

# गर्ल्स हॉस्टल व आहार सेवा शुरू

**संवाददाता। रांची/देवघर**

अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) देवघर दिन प्रतिदिन, अपनी सेवाओं के विस्तार में तत्परता से लगा हुआ है. इसी क्रम में शनिवार को एम्स देवघर स्थित महिला छात्रावास (गर्ल्स हॉस्टल), एमआरआई (3 टेस्ला) व रोगी आहार सेवाओं का उद्घाटन केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री डॉ. मनसुख मंडविया ने वर्चुअल माध्यम से किया.

गर्ल्स हॉस्टल एक ओर जहां छात्राओं को आवास की सुविधा प्रदान करेगा. वहीं दूसरी ओर एमआरआई व रोगी आहार सेवाओं की शुरुआत होने से मरीजों को इसका लाभ मिलेगा.



### इन सेवाओं का किया गया उद्घाटन

**गर्ल्स हॉस्टल :** गर्ल्स हॉस्टल जी 18 बिल्डिंग है, जिसमें 192 कमरों वाले 252 छात्राओं के लिए आवास उपलब्ध है. छात्रावास में प्रत्येक मंजिल पर 12 कमरे हैं और 12वीं मंजिल तक प्रत्येक छात्राओं के लिए एक आवास की सुविधा है.

**एमआरआई - 3 टेस्ला सिस्टम :** रोगी-केंद्रित इमेजिंग 3 टेस्ला प्रणाली की विशेषता वाली यह एमआरआई मशीन साइलेंट स्कैनिंग क्षमताओं के साथ है, जिससे मरीज को कोई दिक्कत नहीं होती है.

**रोगी-आहार सेवा :** आईपीडी में भर्ती मरीजों को पौष्टिक आहार उपलब्ध कराने के लिए मरीज आहार सेवा को शुरू किया है, ताकि डाइट चार्ट के अनुसार भोजन का वितरण कराया सके.




# छोटानागपुरी संस्कृति की सतरंगी छटा ने मोहा सबका मन





# हेसल जदुरा जतरा महोत्सव में झूमे लोग

- गांव देवता को मनाने के लिए जतरा मैदान, सतयारी शिव मंदिर और अखरा में मुर्गी की बलि दी

संवाददाता। रांची

हेसल गांव के जदुरा जतरा महोत्सव में शनिवार को नृत्य-गीत की धूम तो रही ही, साथ ही छोटानागपुरी संस्कृति की सतरंगी छटा ने भी मन मोहा. पूजा-अर्चना कर पहानों की टोली ने सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामनाएं की. आने वाले वर्षों में अच्छे फसल का वर भी मांगा. देर रात तक स्थानीय सहित आस-पास के ग्रामीण श्रद्धा, भक्ति और उत्साह से सराबोर रहे. महोत्सव की शुरुआत दिन के 11 बजे पूजा-अर्चना से हुई. पहान सोहराई मुंडा, सोमरा, भूनु और जोगेंद्र पहान ने नेम-निष्ठा से पूजन किया. गांव देवता को मनाने के लिए जतरा मैदान, सतयारी शिव मंदिर और अखरा में मूर्गी बलि दी. इसके बाद शाम पांच बजे पारंपरिक हरवे-हथियार और ढोल-नगाड़ों के साथ भव्य शोभायात्रा निकली गयी. पारंपरिक वेशभूषा में गांव के लोग नाचते-झूमते पूजा स्थल का भ्रमण कर जतरा स्थल आये. यहां शाम सात बजे तक नृत्य-गीत का रंग जमा. फिर रात आठ बजे से बच्चों के बीच सांस्कृतिक कार्यक्रम हुए. रात दस बजे से देर रात तक छोटानागपुरी गीत-संगीत का रंगारंग कार्यक्रम चला. सजनी ग्रुप के कलाकारों ने आधुनिक नागपुरी गीत पेश कर सबको नचाया.

## रंग-बिरंगी लाइटों से जगमगा रहा है पूरा जतरा स्थल

लहराते सरना झंडे और रंग-बिरंगी लाइटों से जगमगाते जतरा स्थल के क्या कहने. इलाके में चार स्वागत द्वार के साथ दूर तक की गयी आकर्षक विद्युत सज्जा से उत्सव का मेला गुलजार होता रहा. इस महोत्सव में महिलाओं ने भी हिस्सा लिया. महोत्सव में लाल पाड़ साड़ी और खोपा में गजरा, गुलाब लगायी, सजी-सवंरी महिलाओं का थिरकना देखते ही बन रहा था. ढोल-मांदर और नगाड़े की थाप पर ताल से ताल मिला कर जब सबने नृत्य प्रारंभ किया तो पूरा इलाका झूम उठा. धोती-कुर्ता के साथ लाल पाड़ का गमछा ओढ़े पुरुर्षों ने भी सरना झंडा लहराते हुए खूब रंग जमाया. पूरा माहौल खुशनुमा हो गया. लोगों ने महोत्सव का भरपूरप आनंद उठाया.



## जतरा स्थल पर घरेलू जरूरत के सामानों के साथ दर्जनों दुकानें सजीं हैं

जतरा स्थल में खाने-पीने और धरेलू जरुरत के समानों के साथ दर्जनों दुकानें सजीं. उत्सव के मेले में लोगों ने मौज-मस्ती के साथ खाने-पीने का भी जायका लिया. जमकर खरीदारी की. खेल-खिलौनों की दुकाने बच्चों के लिए आकर्षण का केंद्र बनी रही. वहीं इस महोत्सव के सफल आयोजन में अध्यक्ष जीतू तिर्की, शिवा कच्छप, विष्णु गाड़ी, विष्णु तिर्की, सूरज, सागर टोपो, दीपक खलखो, रोहन खलखो, अनुप, गौतम कुजूर, अपना कुजूर, विश्वकर्मा कुजूर, रिंकू, शंकर लकड़ा, प्रवीण तिर्की, संजय टोप्पो, करण मिंज, चंटु लकड़ा, विट्टू कुजूर, विष्णु गाड़ी, राजू मुंडा, राजू लोहरा, गोलू मुंडा, मनीष उरांव, अभिषेक कच्छप, मुनिलाल उरांव, गीता कुजूर, सती तिर्की, नितू मुंडा, मंजू मुंडा, सकुन देवी मुंडा, मनीषा कच्छप, नीमा उरांव, आरती कच्छप, सोनी लकड़ा, अंकिता लकड़ा, सिमरण कच्छप, सोनाली लकड़ा, राशी मुंडा, रितीका उरांव, कुसम कच्छप, सीमा तिर्की, रूबी, सोनी, मुस्कान, छोटी, मनीषा, मुस्कान, ज्योति, रानी आदि ने मुख्य रूप से भागीदारी निभायी.

## लोहार और लोहरा की विसंगति दूर करने की मांग

**रांची।** आदिवासी लोहरा समाज के तत्वावधान में प्रेस क्लब में शनिवार को बैठक किया गया. अध्यक्षता करते हुए लोहरा समाज के केंद्रीय अध्यक्ष अतीत लोहरा ने कहा कि लोहार ही लोहरा है और रोमन लिपी में लोहरा को लोहार दस्तावेज में बताया जा रहा है. मूल रूप से ये आदिवासी अनुसूची में शामिल हैं और 1950 से ही आदिवासी के अनुसूची में शामिल होते आ रहे हैं. लेकिन झारखंड बनने के बाद से लोहरा समाज के बच्चों का जाति प्रमाण पत्र नहीं बन रहा है. लोहरा समाज की जमीन धड़ले से लोहार के नाम से खरीद बिक्री हो रही है. लोहार और लोहरा में हो रहे विसंगति को दूर करने के लिए लोगों को एलसीडी के माध्यम से लोगो को बताया गया और कहा गया कि लोहरा समाज को विभिन्न नामों से झारखंड में बुलाया जा रहा है. इस विसंगति को दूर करने के लिए राज्यपाल से मिलकर दूर करने का प्रयास किया जाएगा.

## 14 से शुरू होगा चालीसा काल, मसीही हैं तैयार

**रांची।** ईसाई समुदाय का 14 फरवरी से चालीसा काल शुरू होगा. चालीसा काल को महाउपवास काल भी कहा जाता (लेंट) है. इस चालीसा काल में किसी भी तरह उत्सव कार्यक्रम नहीं किया जाता है. चालीसा काल रविवार को छोड़ 40 दिनों का होता है. गुड फ्राइडे के दिन उपवास समाप्त हो जाता है. लेंट के पहले दिन राख बुधवार मनाया जाता है. सभी गिरजाघरों में विशेष आराधना-अनुष्ठान की जाएगी. कलीसिया के लोग अपने माथे पर राख का आशीष लगाते हैं. विशेष आशीष प्रदान करने के बाद श्रद्धालुओं के मस्तक पर क्रूस चिह्न के रूप में राख लगाया जाता है. 40 दिनों तक उपवास रखा कर प्रभू यीशु से प्रार्थना और बाइबल के अध्यायों का अध्ययन करते हैं. 18 फरवरी को चालीसा का पहला रविवार 22 फरवरी, संत पेत्रुस का धर्मासन का पर्व 25 फरवरी, चालीसा का दूसरा रविवार एवं 27 फरवरी को संत गाब्रिएल का पर्व मनाया जाएगा.

## न्यूज अपडेट

### ट्राइबल कॉलम की मांग को लेकर दिल्ली में करेंगे प्रदर्शन

**रांची।** राष्ट्रीय आदिवासी इंडिजिनस धर्म सामान्य समिति भारत के तत्वावधान में शनिवार को सरना भवन नगरटोली में जैक के छात्रवृति फार्म में अन्य धर्म कॉलम को हटाने का विरोध किया गया. समिति में तय किया गया कि आगामी 2024 में होने वाले जनगणना प्रपत्र में ट्राइबल कॉलम की मांग को लेकर 15 फरवरी को दिल्ली के जंतर मंतर में धरना प्रदर्शन किया जाएगा. क्योंकि ट्राईबल धर्म कॉलम देश के आदिवासी समाज के लिए आस्था एवं पहचान को बचाने के लिए है.

### सीएमपीडीआई ने शुरू की 'बढ़ते कदम' परियोजना

**रांची।** सीएमपीडीआई के अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक मनोज कुमार ने शनिवार को रिम्स अस्पताल में सीएमपीडीआई की फ्लैगशिप सीएसआर पहल बढ़ते कदम के तहत झारखंड के बच्चों में क्लबफुट से विकलांगता उन्मूलन परियोजना का शुभारंभ किया. मौके पर सीएमपीडीआई के निदेशक (तकनीकी/आरडीएंडटी) अच्युत घटक व अन्य वरीय अधिकारी उपस्थित थे. सीएमपीडीआई ने 24 जनवरी को सीएसआर परियोजना के तहत पोंसेटी विधि से विकलांगता उन्मूलन के लिए क्योर इंडिया फाउंडेशन के साथ एमओयू किया था. परियोजना पर वित्तीय वर्ष 2023-27 तक 93 लाख रुपये की निधि पोषित की जाएगी.

### आदिवासी समाज करेगा एकता रैली का बहिष्कार

**नगड़ी।** नगड़ी प्रखंड के हल्लू गांव में डीलिस्टिंग को लेकर आदिवासी समाज की शनिवार को हुई बैठक में समाज के बुधराम महली ने कहा कि धर्मांतरित हुए लोग समाज को गुमराह कर रहे हैं. दरअसल आदिवासी एकता रैली सीधे तौर पर ईसाइयों और उनके द्वारा पोषित संगठनों की रैली है. डीलिस्टिंग की मांग संवैधानिक है और पूरे आदिवासी समाज से डीलिस्टिंग आंदोलन का समर्थन करते हुए ईसाई मिशनरी और उनके एजेंटों का बहिष्कार करने की अपील की गयी. बैठक में कहा गया कि जो आरक्षण मूल आदिवासी समाज के लोगों को मिलना चाहिए, वो नहीं मिल पा रहा है. आदिवासियों के आरक्षण का लाभ धर्मांतरित लोग गलत तरीके से उठा रहे हैं.

### विद्यालय की शिक्षा जीवन का आधार है: नंदेश्वर

**रांची।** सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में दीक्षांत समारोह का आयोजन किया गया. जिसमें 11वीं व 12वीं के छात्र छात्राओं को विदाई दी गई. दीक्षांत समारोह के मुख्य अतिथि के रूप में सीआरपीएफ के शौर्य चक्र सेकंड इन कमांड जितेश कुमार व विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉ. नरेंद्र कुमार शामिल थे. शिशु विकास मंदिर समिति सदस्य नंदेश्वर मिश्र ने कहा कि विद्यालय का शिक्षा जीवन का आधार है. उन्होंने छात्रों से अपनी झिझक दूर कर आगे बढ़ाने को प्रति प्रेरित किया. 11वीं के छात्र रोशन द्विवेदी ने विद्यालय में बीते दिनों के बारे में बताया. मुख्य अतिथि जितेश कुमार कहा कि आज से आगे की उड़ान की बुनियाद विद्यालय से मिलती है.

### जीएंडएच हाईस्कूल में वार्षिकोत्सव का आयोजन

**रांची।** जी एंड एच हाईस्कूल में वार्षिकोत्सव का आयोजन किया गया. इस दौरान कई सांस्कृतिक कार्यक्रम किये गये. मुख्य अतिथि के रूप में जस्टिस अंबुज नाथ और आरआर प्रसाद शामिल थे. अंबुज नाथ ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि जीवन में अनुशासन को अपनाएं और जीवन पथ पर आगे बढ़ें. सम्मानीय अतिथि आरआर प्रसाद ने भी सभा को संबोधित किया और छात्रों को उत्साह व अपनी क्षमता का सही प्रयोग करते हुए आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया. इस अवसर पर सचिव उदय शंकर दयाल, प्रबीर दयाल, एकेडमिक एडवाइजर वीके सिंह और प्राचार्य दिलीप कुमार झा शामिल थे.

## ब्रीफ खबरें

### छात्राओं ने नशा मुक्ति पर किया नुक्कड़ नाटक

**रांची।** रांची महिला कॉलेज के राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा आयोजित सात दिवसीय शिविर के दूसरे दिन, नशा मुक्ति अभियान पर कार्यक्रम किया गया. इस कार्यक्रम का नेतृत्व प्रोग्राम ऑफिसर डॉ. कुमारी उर्वशी ने किया. इस दौरान नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया गया. ग्रुप एक की लीडर आकांक्षा ने प्रस्तुत किया. 50 छात्रों ने पांच अलग-अलग ग्रुप में इस विषय से संबंधित समस्याओं का सर्वे किया. आज कैंप में रांची महिला कॉलेज की एनसीसी कोऑर्डिनेटर लेफ्टिनेंट डॉ. किरण तिवारी विशिष्ट अतिथि के तौर पर मौजूद थीं.

### श्रीमहावीर मंडल रांची के चुनाव की तिथि फाइनल

**रांची।** श्रीमहावीर मंडल के चुनाव की तिथि फाइनल कर दी गयी है. गठित चुनाव पदाधिकारियों की हुई बैठक में आम सहमति से इस पर अंतिम मोहर लगाया गया. मुख्य चुनाव अधिकारी कैलाश यादव ने बताया कि चुनाव को लेकर रूपरेखा तैयार कर ली गयी है. मंडल के केंद्रीय कार्यालय, दुर्गा मंदिर ट्रस्ट भवन, महावीर चौक में तीन मार्च को पदाधिकारियों के चयन के लिए मतदान किया जायेगा. इच्छुक लोग 21 और 22 फरवरी को इसके लिए नामांकन पत्र दिन के दस से शाम पांच बजे तक प्राप्त कर सकते हैं.

# श्रीश्याम मित्र मंडल का साप्ताहिक भंडारा

संवाददाता। रांची

श्रीश्याम मंदिर, हरमू रोड में शनिवार को श्रीश्याम मित्र मंडल का साप्ताहिक भंडारा चला. इसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद रूप में स्वादिष्ट भोजन ग्रहण किया. मंडल के प्रथम महामंत्री विश्वनाथ नारसरिया और उपमंत्री अनिल नारनौली के सान्निध्य में यजमान सत्यदेव राय, राजीव कुमार, शर्मिला सिंह, राजेश कुमार, सुमन सिंह, राकेश कुमार, पूजा सिंह, रजनीश सिंह, ज्योति सिंह, अनीश बेबी, कल्पना, अवेज, रूचित्रा, नेहा, स्नेहा, आर्यन, अर्णव, अर्थव, अनुष्का सिंह आदि ने मंदिर में विराजमान देवी-देवताओं को भंडारे का प्रसाद अर्पित कर सुख समृद्धि और खुशहाली की प्रार्थना की. इसके बाद भंडारा शुरू हुआ, जो देर शाम तक चला. विष्णु जलान, वेद भूषण जैन, आशीष डालमिया, कौशल चौधरी, गौरव अग्रवाल मोनू, मनोज खेतावत, अभिषेक सरावगी, मनीष वर्मा, झूलन मुंडा, उपेंद्र पांडे, कृष्णा शर्मा, शीतल घोष, अमित महतो, तरुण शर्मा, नकुल मुंडा आदि ने इसमें मुख्य योगदान दिया.



### एसआर डीएवी में 12वीं के छात्रों को दी गई विदाई

**रांची।** एसआर डीएवी में 12वीं क्लास के विद्यार्थियों के लिए विदाई समारोह का आयोजन किया गया. इस अवसर पर 11वीं के छात्रों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया. उद्घाटन प्रिंसिपल एसके मिश्र ने किया. 11वीं के अन्विक वर्मा द्वारा गणेश वंदना की मोहक प्रस्तुति दी गई. साथ ही कक्षा एकादश के विद्यार्थियों ने हास्य नाटक, स्टैंडअप कॉमेडी, लोकनृत्य, संगीत आदि प्रस्तुत करके सबका मन मोहा. प्रिंसिपल एसके मिश्र ने कहा कि मानव तो ईश्वर बनाते हैं, पर उनमें मानवता डीएवी संस्था भरती है. उन्होंने विद्यार्थियों को आगामी परीक्षाओं के लिए शुभकामनाएं दी. आगे उन्होंने मानवता को सर्वोपरि स्थान देने की बात कही.

# चैंबर के प्रति लोगों का भरोसा बढ़ रहा है : महुआ

संवाददाता। रांची

रांची के चैंबर भवन में चैंबर पत्रिका के नियमित पत्रिका का विमोचन किया गया. मुख्य अतिथि राज्यसभा सांसद महुआ माजी ने पत्रिका का विमोचन किया और पत्रिका के नियमित प्रकाशन को उपयुक्त बताया और कमेटी चेयरमैन सुनिल सरावगी के प्रयास को सराहा. इस मौके पर उन्होंने कहा कि फेडरेशन ऑफ झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के द्वारा व्यापार हित के साथ जनहित से जुड़े मामलों में किये जानेवाले प्रयासों के कारण चैंबर के प्रति व्यापारियों, उद्यमियों के साथ-साथ नागरिकों का भरोसा बढ़ता जा रहा है.



## सरकार के साथ कार्य करने के लिए हैं प्रतिबद्धः चैंबर

व्यापारियों की समस्या पर मिल रहे सहयोग के लिए चैंबर अध्यक्ष किशोर मंत्री ने सांसद के प्रति आभार जताया और कहा कि हम सरकार के साथ मिलकर कार्य करने के लिए प्रतिबद्ध हैं. उन्होंने यह भी कहा कि आज की पत्रिका कल चैंबर के दस्तावेज के साथ इतिहास का रूप लेगी. चैंबर के द्वारा किये जा रहे कार्यों का यह आइना है. कमेटी चेयरमैन सुनिल सरावगी ने पत्रिका के प्रकाशन में मिले सहयोग के लिए सभी विज्ञापनदाताओं के प्रति आभार जताया और आश्वस्त किया कि प्रत्येक दो माह में पत्रिका का प्रकाशन सुनिश्चित किया जायेगा. कार्यक्रम का धन्यवाद ज्ञापन महासचिव परेश गट्टानी के द्वारा किया गया.

# केरलि पब्लिक स्कूल के छात्रों का शैक्षणिक भ्रमण

संवाददाता। रांची

रांची के धुर्वा स्थित केरलि पब्लिक स्कूल के छात्रों को आईएचएम में शनिवार को शैक्षणिक भ्रमण कराया गया. इंस्टीट्यूट ऑफ होटल मेनेजमेंट (आईएचएम) शैक्षणिक भ्रमण में 260 छात्रों एवं 24 शिक्षकों थे, जिनका नेतृत्व स्कूल के प्राचार्य राजेश पिल्लई द्वारा किया गया. इस भ्रमण का मुख्य उद्देश्य छात्रों में विभिन्न प्रकार के व्यवसायिक शिक्षा के अवसर से जागरूक करना है. संस्थान के आधारभूत संरचना दर्शन के दौरान छात्रों को संस्थान के बीएससी इन एच एंड एचए, डिग्री पाठ्यक्रम एवं लघु पाठ्यक्रमों से संबंधित सभी विभागों जैसे फूड प्रोडक्शन, फूड एंड बेवरेज सर्विस, फ्रंट ऑफिस एंड हाउसकीपिंग डिपार्टमेंट में पढ़ाए जा रहे हैं. पाठ्यक्रम के विभागवार व्यावहारिक क्लास का दृश्य दिखाया गया. होटल मैनेजमेंट कोर्स के बाद छात्रों का होटल उद्योग, विमानन उद्योग, क्रूज लाइनर, रसोई प्रबंधन एवं अन्य सरकारी विभाग में अपना कैरियर बना सकते हैं. एक सफल उद्यमी के साथ देश विदेश के प्रतिष्ठित होटलों रोजगार सृजित बनने के लिए महत्वपूर्ण. इस दौरान उपस्थित छात्रों के द्वारा होटल मैनेजमेंट से संबंधित विभिन्न प्रश्न पूछे गए जिनका संतोषजनक उत्तर भी दिए गए. आईएचएम के प्राचार्य डॉ. भुपेश कुमार के नेतृत्व में विनीत सिन्हा एवं शमा बा, व्याख्याता ने सभी छात्रों को होटल मैनेजमेंट कोर्स पूर्ण होने के बाद बनाए जाने वाले बेहतर भविष्य के लिए मार्गदर्शन एवं प्रेरित किया.








▼ ब्रीफ खबरें

## तमाड़ में पशु चिकित्सा शिविर का आयोजन

**तमाड़।** 26 वीं वाहनी सशस्त्र सीमा बल के कमांडेंट एस डी शेरखाने के निर्देशानुसार जी समवाय तमाड़ के द्वारा सेवा सुरक्षा बंधुत्व के तहत पशु चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया. बल के पशु चिकित्सक डॉ जे के शर्मा के द्वारा नूरीडीह में दर्जनों पशुओं का इलाज कर मुफ्त दवाइयां दी गई . बताते चले की एस एस बी के द्वारा क्षेत्र में लगातार नागरिक कल्याण सामाजिक कार्यक्रमों का आयोजन करती रहती है .इस अवसर पर सहायक कमांडेंट अजीत कुमार उपाध्याय सहित दर्जनों जवान शामिल थे .

## महिला पर्यवेक्षिका का निधन, श्रद्धांजलि दी

**तमाड़।** तमाड़ प्रखंड के बाल विकास परियोजना विभाग में कार्यरत महिला पर्यवेक्षिका आलका देवी का असामयिक निधन हो गया . उनके निधन से पूरा तमाड़ प्रखंड परिवार में शोक की लहर दौड़ गई . इधर बाल विकास परियोजना कार्यालय में उनके निधन पर शोक सभा का आयोजन किया गया . मौके पर दो मिनट का मौन धारण कर श्रद्धांजलि दी गई. इस अवसर पर बाल विकास परियोजना पदाधिकारी कुमारी प्रभावती , सुखमनी देवी हीरावती देवी श्याम सहनी ,गंगाधर पुराण, वाजिद अली,किशोरी सिंह आधी शामिल थे .

## प्रतिभा दर्शन महोत्सव का समापन आज होगा

**सिल्ली/मुरी।** सिल्ली के लगाम खेलगांव मैदान में आयोजित प्रतिभा दर्शन महोत्सव का रविवार को पुरस्कार वितरण समापन समारोह का आयोजन किया गया है. अंतिम दिन कई प्रतियोगिताएं भी आयोजित किए जाएंगे जिसमे महिलाओं के लिए मुंबई इन होम टाउन, म्यूजिकल चेयर, झांकी ओपन इसके अलावा 800 मी,100,मी 200मी, 400 मी दौड़, सुई धागा दौड़ , गोली चम्मच घड़ा दौड़ , हाई स्कूल छात्र छात्राओं के लिए 100 मी 200मी दौड़ प्रतियोगिता आदि होंगे.

## डकरा : हादसे का शिकार होने से बचा होलपैक

डकरा। केडीएच कोयला खदान के होल रोड में 100 टन क्षमता वाली खाली होलपेक डम्पर चालक की सूझबूझ से दुर्घटना होते होते बची. दरअसल खदान के कच्ची होल रोड में धूल गर्द नहीं उड़े इसको लेकर टैंकर से पानी का छिड़काव किया जाता है. इसी दौरान होल रोड में पानी छिड़काव से फिसलन बढ़ गयी . एक डम्फर चालक दूसरी पाली में ओबी अनलोड कर वापस लोडिंग पॉइंट में आ रहा था. उसी क्रम में रास्ते मे फिसलन से अनियंत्रित होकर डम्फर गड्ढे में गिरने से बाल बाल बचा.

## परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन पर छात्र-छात्राएं सम्मानित

**पिपरवार।** पिपरवार विकास विद्यालय किचटो में आयोजित इंडियन इंटेलिजेंस टेस्ट परीक्षा में विद्यालय के छात्र-छात्राओं के द्वारा उत्कृष्ट प्रदर्शन किए जाने पर पिपरवार विकास विद्यालय में समारोह आयोजित किया गया. अध्यक्षता विद्यालय के प्रधानाचार्य रमाकांत महतो एवं संचालन शिक्षक भुवनेश्वर महतो ने किया. विद्यालय के लगभग 50 छात्र छात्राओं ने परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन किए जाने पर विद्यालय के प्रधानाचार्य एवं शिक्षकों ने छात्र छात्राओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया .

## महिला वुशू खिलाड़ियों का स्वागत किया गया

**डकरा।** केन्द्रीय विधालय डकरा के खेल मैदान मे गोवा राज्य मे अयोजित पश्चिमी जोन महिला वुशू प्रतियोगिता से पदक जीत कर लौटे खिलाड़ियों को बेंती पंचायत के मुखिया सरिता देवी के अगुवाई में जोरदार स्वागत किया गया.विजेता खिलाड़ियों को पुष्प गुच्छ एवं माला पहनाकर सम्मानित किया गया.स्वर्ण पदक प्राप्त करने वाले खिलाड़ी में रौशनी कुमारी, शितल कुमारी,प्राची कुमारी,रजत पदक प्राप्त करने वाले खिलाड़ी हैं वाणी कुमारी, अनिशा कुमारी, सुमो कुमारी, कास्य पदक प्राप्त करने वालों में हैं .

## सरकारी कार्य मे बाधा डालने का मामला दर्ज

**बुढ़मू।** अवैध बालू परिवहन मामले मे गिंजो ठाकुरगांव निवासी साकेत कुमार साहू व सौरभ चौरसिया पर सरकारी काम मे बाधा डालने व सीओ से दुर्व्यवहार मामले पर बुढ़मू सीओ ने ठाकुर गांव थाना मे मामला दर्ज कराया है. अंचलधिकारी बुढ़मू शंकर कुमार विधार्थी ने बताया की ठाकुरगांव थाना क्षेत्र के इटहे मोड़ के पास अवैध रूप से बालू का परिवहन करता हुआ ट्रबो ट्रक को पाया. वाहन के चालक से जब जानकारी लि गई तो उसने बताया की उसका नाम राहुल मुंडा है .

### पुस्तक मेलोमें उमड़ी छात्र-छात्राओं की भीड़, टीएलएम प्रदर्शनी का भी आयोजन किया गया

# जीवन में पुस्तक से अच्छा कोई मित्र नहीं : संग्राम मुर्मू

**संवाददाता। बेड़ो**

बेड़ो के ऐतिहासिक महादानी मैदान में अजीम प्रेमजी फाउंडेशन एवं स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के संयुक्त तत्वावधान में एक दिवसीय पुस्तक मेला सह प्रदर्शनी तथा प्रखंड मुख्यालय सभागार में शैक्षिक गोष्ठी का आयोजन किया गया. पुस्तक मेला का उद्घाटन प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी सुनील कुमार केशरी ने अन्य अतिथियों के साथ फीता काट कर उद्घाटन किया. वहीं प्रखंड विकास पदाधिकारी संग्राम मुर्मू ने शिक्षक गोष्ठी कार्यक्रम एवं



पुस्तक मेला कार्यक्रम में हिस्सा लिया इस मौके पर बीडीओ संग्राम मुर्मू ने कहा कि जीवन में पुस्तक से अच्छा कोई मित्र नहीं. उन्होंने कहा कि इस तरह के कार्यक्रम से छात्र-छात्राओं को एक नई ऊर्जा मिलती है. स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग बेड़ो और अज़ीम प्रेमजी फाउंडेशन के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित पुस्तक मेला के दौरान छात्र-छात्राओं की भीड़ उमड़ पड़ी. महादानी मैदान में पुस्तक मेला व प्रखंड परिसर में सेमिनार का आयोजन किया गया. इस दौरान प्रखण्ड विकास अधिकारी संग्राम मुर्मू, प्रखंड प्रमुख विनीता कच्छप, पंचायत समिति सदस्य राखी भगत तथा प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी सुनील कुमार केशरी ने इस पुस्तक मेला में घंटो अपना समय दिया और इस तरह के पुस्तक मेला की सफलता देखकर काफी खुशी व्यक्त की. इसके पूर्व कार्यक्रम का उदघाटन बेड़ो ब्लॉक के शिक्षा अधिकारी सुनील केशरी ने मुखिया सुशांति भगत उपप्रमुख मोद्दसीर हक़, कांग्रेस के प्रखंड अध्यक्ष कर्मा उरांव के द्वारा किया गया. राजकीय संपोषित प्लस टू उच्च विद्यालय बेड़ो, प्रोजेक्ट बालिका उच्च विद्यालय तथा कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय की छात्र-छात्राओं ने अपनी प्रस्तुति से चार चांद लगाया. मेले में विषय आधारित स्टाल, आंगनवाड़ी, स्वास्थ्य सहित बच्चों द्वारा बनाए गए टीएलएम, मॉडल व क्राफ्ट के स्टॉल रहे.

### आजसू का तमाड़ विधानसभा स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन संपन्न

# आजसू सत्ता में आयी तो लोगों का काम होगा : सुदेश महतो

**संवाददाता। बुंडू**

आजसू पार्टी सत्ता में आयेगी और लोगों का काम होगा यह मेरी गारंटी है.उक्त बातें आजसू सुप्रीमो व राज्य के पूर्व उप मुख्यमंत्री सुदेश कुमार महतो ने कही.वे शनिवार को बुंडू में सरोजनी पॉलिटेक्निक परिसर में तमाड़ विधानसभा स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे.उन्होंने कहा राज्य में सारी व्यवस्था ध्वस्त हो चुकी है.जनता को झूठी आश्वासन देकर हेमंत सोरेन की सरकार सत्ता में आयी और लोगों की भावनाओं से खिलवाड़ किया.वहां उपस्थित जनसमूह यह उन्हें आश्वासन दें कि राज्य में परिवर्तन लायेंगे और मैं भी आपको गारंटी देता हूँ कि आपका काम करने के लिए कहीं दौड़ नहीं लगाना होगा. आगे उन्होंने कहा कि पार्टी राज्य में गारंटी केन्द्र विकसित कर रही है जहां जनता का काम होगा.उन्होंने कार्यकर्ताओं से कहा कि वे मेहनत करें मेहनत का सम्मान होगा. उन्होंने भाजपा शासित उन राज्यों का उदाहरण दिया जहां हाल में चुनाव हुए. उन्होंने कहा कि इसके लिए चुल्हा प्रमुख की भूमिका अहम होगी. उन्हें दिनरात मेहनत करने की आवश्यकता है. उन्होंने न्याय प्रणाली में भी सुधार की आवश्यकता पर बल दिया. इसके लिए ग्राम सभा को भी मजबूत करने की बात कही. रोजगार पर कहा कि राज्य में तीन लाख पद रिक्त है.उसमें सबसे अधिक शिक्षक का एक लाख पद रिक्त है. सम्मेलन को इनके अलावा पूर्व डीडीसी डोमन सिंह मुंडा ने भी संबोधित किया. इस अवसर पर अड़की और तमाड़ के दो दर्जन से भी ज्यादा झामुमो के पदार्थ आजसु की सदस्यता ग्रहण किया. सम्मेलन की खास बातें यह रही कि 1500 से भी ज्यादा महिला कार्यकर्ता सम्मेलन में शामिल हुई. मौके पर रांची विश्वविद्यालय के कुलसचिव मुकुंद मेहता, बुंडू नपं के पूर्व उपाध्यक्ष सुनील जायसवाल, जिप सदस्य मानकी विजय सिंह,परमेश्वरी सांडिल,रामदुर्लभ सिंह मुंडा, राजकिशोर कुशवाहा, श्याम महतो, संजय महतो, अनुप चेल, सुमित्रा देवी, राधिका देवी ,एम चन्द्र शेखर राव,इत्यादि मौजूद थे.



### सुदेश महतो ने सड़क निर्माण का किया शिलान्यास



**सोनाहातू।** प्रखंड क्षेत्र के सारेयाद गांव में विधायक सुदेश महतो ने मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत 7 किलोमीटर सड़क निर्माण कार्य का शिलान्यास किये . सड़क निर्माण 3 करोड़ 96 लाख की लागत से बनाया जायेगा . शिलान्यास समारोह को संबोधित करते हुए विधायक सुदेश महतो ने कहा कि गांव में शिक्षा और स्वास्थ्य पर गुणात्मक सुधार किया जा रहा है . शिक्षा को लेकर हाई स्कूल और मिडिल स्कूल में स्मार्ट क्लास, स्टूडेंट्स बस सेवा,लाइब्रेरी आदि की सुविधा दिया जा रहा है . स्वास्थ्य को लेकर हर पंचायत में स्वास्थ्य उपकेंद्र को विकसित किया जा रहा है . हर घर में शुद्ध पेयजल पहुंचाने का काम किया जा रहा है . गांव में राजनीतिक जागरूकता लाने का काम किया गया है . योजनाओं के माध्यम से हम गांव में भरोसा देने का काम कर रहे है . इस मौके पर जिप सदस्य मंजू सिंह मुंडा, बीडीओ खगेश कुमार, चितरंजन महतो, श्याम महतो, मुखिया सावना महली, लखिन्द्र महतो, करम सिंह महतो, दिनेश महतो सहित काफी संख्या ग्रामीण उपस्थित थे .

## वंडरलैंड स्कूल के बच्चों ने वार्षिकोत्सव में मन मोहा

**मांडर।** प्रखंड के कंदरी री मोड़ स्थित वंडरलैंड स्कूल में शनिवार को वार्षिकोत्सव धूमधाम से मनाया गया. इस मौके पर छोटे-छोटे बच्चों के द्वारा आकर्षक और मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए गए. मुख्य अतिथि के रूप में इंस्टीट्यूट ऑफ होटल मैनेजमेंट रांची के प्राचार्य डॉ भूपेश कुमार शामिल हुए. उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि इन छोटे बच्चों का कार्यक्रम देखकर यह सहज ही कहा जा सकता है कि स्कूल के सारे स्टाफ काफी मेहनती है. साथ ही उन्होंने कहा कि बहुत कम फीस में इतनी अच्छी शिक्षा देना काबिले तारीफ़ है. निदेशक मो नेशार आलम ने बताया कि यहां पर अनुशासन का खास ख्याल रखा जाता है. साथ ही कम फीस में गुणवतापूर्ण शिक्षा ददी जाती है. सर्वश्रेष्ठ मृत्य प्रदर्शन में निलोफर प्रवीन व सर्वश्रेष्ठ एक्टिंग में एहतेशाम ने जीत हासिल किया.

## पिपरवार कॉलेज के विद्यार्थियों की विदाई

**पिपरवार।** पिपरवार महाविद्यालय कारों में समारोह आयोजित कर कक्षा बारहवीं के छात्र-छात्राओं को विदाई दी गई. इस समारोह की अध्यक्षता कालेज प्रबंधन समिति के अध्यक्ष रामचंद्र उरांव और संचालन सचिव बसंत नारायण महतो ने किया.इस अवसर पर कार्यक्रम में सबसे पूर्व बारहवी कक्षा के छात्र-छात्राओं को तिलक एवं पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया,जिसके बाद कक्षा ग्यारहवीं के छात्रा-छात्राओ ने कक्षा बारहवीं के छात्र-छात्राओ को उपहार प्रदान सम्मानित किया.इस मौके पर महाविद्यालय के अध्यक्ष रामचंद्र उरांव,सचिव बसंत नारायण महतो,उप सचिव दिलीप महतो,शंकर सिंह,टिकेश्वर महतो,रतन महतो,प्राचार्य रीता कुमारी सहित कॉलेज के सभी शिक्षक और छात्र-छात्राएं मौजूद थे.

# मैराथन दौड़ में बीआईटी मेसरा के संजय महतो को प्रथम स्थान




**संवाददाता। सिल्ली/मुरी**

प्रखंड के लगाम स्थित खेल गांव मे चल रहें प्रतिभा दर्शन महोत्सव को लेकर शनिवार को प्रातः 6 बजे बुढ़ाआम से सिल्ली स्टेडियम तक 10 किमी मैराथन दौड़ का आयोजन किया गया. मैराथन दौड़ का गूँज परिवार के संयोजक जयपाल सिंह जिला परिषद उपाध्यक्ष वीणा चौधरी सिल्ली प्रमुख जितेंद्र बड़ाइक प्रखंड विकास पदाधिकारी रेनू वाला व अन्य अतिथियों ने हरी झंडी दिखाकर कर प्रतिभागियों को रवाना किया .इस दौड़ में लगभग 50 प्रतिभागी शामिल हुए.जिसमे संजय महतो बीआईटी मेसरा प्रथम स्थान बालेश्वर बेदिया रामपुर द्वितीय स्थान कमलेश महतोलगाम तृतीय स्थान प्राप्त किया. इन सफल प्रतिभागियों को प्रतिभा दर्शन महोत्सव के अंतिम दिन 4 फरवरी को महोत्सव स्थल पर सम्मानित किया जाएगा. वही अन्य सफल प्रतिभागियों को स्टेडियम परिसर में पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया.

### उषा मार्टिन के सीएसआर की पहल,बदली रेखा की जीवन यात्रा

# कौशल विकास से उद्यमी बन रहीं महिलाएं

**संवाददाता। नामकुम**

गांवों में आर्थिक रूप से कमजोर महिलाओं को सशक्त बनाने में कौशल विकास एक बेहतर विकल्प के रूप में उभरा है. उषा मार्टिन अपने सीएसआर कार्यक्रम के तहत महिलाओं के कौशल विकास के माध्यम से उद्यमिता से जोड़ रही है, ताकि घर की आर्थिक स्थिति में सुधार आए और महिलाएं वित्तीय एवं निर्णय लेने के स्तर पर स्वावलंबी बने. इसी माह ब्यूटीशियन कोर्स के माध्यम से टाटीसिलवे के इर्द गिर्द की 20 महिलाओं को प्रशिक्षित कर उद्यमी बनाया गया है. इसमें से कई महिलाएं स्वतंत्र रूप से तो कुछ समूह में ब्यूटी पार्लर चलाकर बिजनेस कर रही है. टाटीसिलवे निवासी रेखा सिंह बताती है कि कैसे हम अपने संकल्प और प्रयास से सफल हो सकते हैं. रेखा सिंह अपने पति धनंजय सिंह के



चॉकलेट व्यवसाय के बावजूद उन्हें वित्तीय चुनौतियों का सामना करना पड़ा, जिसे 10,000 रुपये तक की आय होती थी. एक बेटे और एक बेटी के सहारे स्नातक की डिग्री (बी.कॉम) वाली रेखा ने गुजारा करने और सार्थक रोजगार के अवसर तलाशने की दिशा में पहली की. एक दिन रेखा को उषा मार्टिन फाउंडेशन के फिल्ड स्टॉफ के माध्यम से कौशल विकास के माध्यम से ब्यूटीशियन कोर्स के बारे में पता चला. अपनी स्थिति को बदलने की क्षमता को पहचानते हुए, उसने प्रशिक्षण कार्यक्रम में दाखिला लेने का फैसला किया. रेखा ने अक्टूबर से दिसंबर 2023 के बीच उषा मार्टिन फाउंडेशन द्वारा आयोजित तीन महीने का ब्यूटीशियन प्रशिक्षण पाठ्यक्रम अपनाया. उसने किराए का कमरा चुनकर अपना ब्यूटी पार्लर खोला. इस उद्यमशील प्रयास ने उन्हें 9,000 रुपये की मासिक आय उत्पन्न करने की संभावना प्रदान की. जबकि ब्यूटी पार्लर का किराया 1,000 रुपये था, रेखा को उद्यम के परिणामस्वरूप 8,000 रुपये की मासिक बचत हुई. यह अध्यनन वित्तीय स्वतंत्रता चाहने वाले व्यक्तियों को कौशल-निर्माण के अवसर प्रदान करने के महत्व को रेखांकित करता है .

### आयोजन | झारखंड पब्लिक स्कूल में विज्ञान प्रदर्शनी सह मेले का हुआ आयोजन

# विज्ञान प्रदर्शनी से बच्चों में आत्मविश्वास बढ़ता है: ज्योति कुमार

**संवाददाता। डकरा**

झारखंड पब्लिक स्कूल मोहन नगर शनिवार को विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन हुआ. इस अवसर पर स्कूल के यूकेजी से वर्ग 11 के बच्चों ने भाग लिया. जिसमें वैज्ञानिकों के द्वारा दिए गए सिद्धांतों को अपनाते हुए स्कूल के बच्चों ने अद्भुत मॉडल प्रस्तुत किया, जिसमें शिक्षकों और पूरे स्कूल परिवार का अहम योगदान रहा. लोकप्रिय मॉडलों में बैंक को चोरी होने से कैसे बचाया जाय, आग लगने से पहले सूचना, ऑटोमेटिक पानी सिंचाई उपकरण, सेन्सर पास बेसिन, सेन्सर हैन्ड वास, सेन्सर हैन्ड ड्रायर, फुटस्टेप के द्वारा पावर उत्पन्न, थ्रीडी हॉलोग्रम्, वाई-फाई वायरलेस तकनीक, अर्थक्वैक



अलार्म, कॉफी वेन्डिंग मशीन, घरेलु व्यर्थ पदार्थों से घर का सजावटी समान आदि जैसे 29 अदभूत मॉडलो को प्रस्तुत किया गया. साथ ही साथ बच्चों ने अपने द्वारा बनाये गयें स्वादिष्ट व्यंजनों से भी अतिथियों का मन मोह लिया. इस मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में एनके एरिया के एसओपी ज्योति कुमार व खलारी थाना प्रभारी फरीद आलम एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में सुजीत रंजन एसओसी एनके एरिया, कृष्णा चौहान, प्रेम कुमार, असर्फी राम, मुन्नू शर्मा उपस्थित थे. इसके पूर्व कार्यक्रम का शुरूआत मुख्य अतिथि के द्वारा द्वीप प्रज्वलित करके किया गया. सभी मोडलो से अवगत होने के बाद मुख्य अतिथि ने बच्चों को प्रोत्साहित करते हुए बताया की यहां के बच्चों और शिक्षकों के अंदर बहुत प्रतिभा व लगन है जो झारखण्ड पब्लिक स्कूल के बच्चों भविष्य में बहुत आगे ले जायेंगे. इस कार्यकम के समापन में प्रधानाध्यापक अभिषेक कुमार चौहान और विद्यालय के सस्थापक जागीन चौहान के द्वारा सभी अतिथियों का धन्यवाद ज्ञापन करके दिया गया. इस मौके पर स्कूल के सभी शिक्षक व शिक्षिकाओं के साथ-साथ क्षेत्र के रामबली चौहान, मिथिलेश प्रजापति, शैलेश कुमार, रमेश चौहान, आनंद सिंह, रणविजय सिंह, रविभूषण सिंह, नारायण चौहान, मदन सिंह, गोर्वधन शर्मा, भरत,दीपक आलोक सहित अन्य लोग उपस्थित थे.

न्यूज अपडेट ▼

## प्रतिभा दर्शन महोत्सव में विभिन्न खेलों का हुआ आयोजन




**सिल्ली/मुरी।** खेलगांव लगाम में चल रहे प्रतिभा दर्शन महोत्सव के 9 वें दिन शनिवार को विधानसभा स्तरीय विभिन्न खेलों का आयोजन किया गया. कबड्डी प्रतियोगिता में पिस्का टीम को हराकर बसंतपुर चैंपियन बना. सेमीफाइनल में प्रवेश टीमों एवं अन्य सफल खिलाड़ियों कोविधायक सुदेश कुमार महतोजिप उपाध्यक्ष वीणा चौधरी, जिप सदस्य मंजू मुंडा, गूँज परिवार के संयोजक जयपाल सिंह,अध्यक्ष सुनील सिंह, पूर्व जिप सदस्य गौतम कृष्ण साहू, प्रमुख जितेंद्र बड़ाइक, चितरंजन महतो ,आजसू केंद्रीय नेता संजय महतो, सुशील महतो, संजय सिद्धार्थ, धीरेंद्र नाथ महतो, रविंद्र करमाली, लंबोदर महतो, शिशिर महतो, समेत अन्य अतिथियों ने सम्मानित किया. अंडर-19 बालिका फुटबॉल प्रतियोगिता सिल्ली स्टेडियम खेला गया.

## आदिवासी एकता रैली का बहिष्कार करने का फैसला



**कांके।** आज आदिवासी समाज की एक बैठक नगड़ी प्रखंड के हल्लू गांव में आयोजित की गई . जिसमें प्रमुख रूप से डीलिस्टिंग का समर्थन करते हुए 4 फरवरी को होने वाले आदिवासी एकता रैली का बहिष्कार किया गया,वक्त बुधराम महली ने कहा की धर्मांतरित हुए लोग समाज को गुमराह करने के लिए अब एकता की बात कर रहे हैं जो असम्भव है,आदिवासी एकता रैली सीधे-सीधे ईसाइयों की तथा उनके पोषित संगठनों की रैली है ,डीलिस्टिंग की मांग संवैधानिक है, पूरे आदिवासी समाज से मैं आहान करता हूं कि डीलिस्टिंग का आंदोलन का समर्थन करें और ईसाई मिशनरी और उनके दलालों का बहिष्कार करें . मौके पर रंजन उरांव, हरिनंदन महली ,हिन्दुवा उरांव, लखन महली , लखन उरांव , सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे.

## दसवीं के छात्र - छात्राओं को दी गई विदाई



**पिपरवार।** पिपरवार विकास विद्यालय किचटो में विद्यालय प्रबंधन समिति सह विद्यालय की और से कक्षा दसवीं के छात्र- छात्राओ को दी गई भावभीनी विदाई . इस अवसर पर विद्यालय में विदाई सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया . इस समारोह में विद्यालय के अन्य वर्गों के छात्र-छात्राओं के द्वारा कक्षा दशम के छात्र-छात्राओं को भावभीनी विदाई दी गई . इस विदाई समारोह के दौरान कक्षा अष्टम एवं नवम के छात्र-छात्राओं ने कविता पाठ, नृत्य गीत, संगीत जैसे कई कार्यक्रम प्रस्तुत किए एवं उपहार दिए गए. विदाई सह सम्मान समारोह के दौरान विद्यालय के शिक्षक सुरेंद्र महतो,भुवनेश्वर महतो,अजय कुमार,चंदन कुमार,राजेश महतो, अभय टोप्पो प्रेमचंद मिंज ललिता कुमारी मंजुसा कुमारी सहित काफी संख्या में विद्यालय के छात्र-छात्राएं शामिल थे .

## कलश विर्सजन शोभा यात्रा के साथ चंडिका यज्ञ संपन्न



**ओरमांझी।** दुर्गा महादेव मंदिर में पांच दिनों से चली आ रही ओरमांझीः दुर्गा महादेव मंदिर ओरमांझी के तृतीय वर्ष गाठ पर आयोजित पांच दिवसीय नव चन्डी महायज्ञ शनिवार को कलश विशजन व रात्रि में भक्ति जागरण के साथ धूमधाम के साथ सम्पन्न हुआ . शनिवार दुर्गा महादेव मंदिर ओरमांझी परिसर से गाजे बाजे के साथ कलश विर्सजन शोभा यात्रा निकाली गई . जिसमें सैकड़ों महिला पुरुष बच्चे शामिल हुए. छठ घाट डोमा नदी तट पर पहुंच पंडित जोगी ने विधिवत मंत्रोच्चार के साथ गंगा का पूजा अर्चना कर गंगा जी में जल को प्रवाहित किया गया . इस आयोजन को सफल बनाने में यज्ञ समिति के मुख्य संरक्षक नन्दगोपाल साहू,अध्यक्ष राजगौरव तिवारी, युवा दस्तक के अध्यक्ष सह सचिव आशीष साहू, कोषाध्यक्ष किशोर महतो, आदि मुख्य रूप से उपस्थित थे.

## विदाई समारोह में शामिल हुए इनमोसा पिपरवार के सदस्य



**पिपरवार।** सीसीएल के फूसरो एरिया मे इनमोसा के द्वारा आयोजित सीसीएल स्तरीय विदाई सह सम्मान समारोह कार्यक्रम में इनमोसा के पिपरवार क्षेत्रीय कमेटी से भी कई लोग शामिल हुए. जानकारी के अनुसार सीसीएल के करगली एरिया से रिटायर हुए सीनियर ओभरमैन विजय कुमार सिंह के सेवानिवृत होने पर इनमोसा ने उन्हें सीसीएल स्तरीय समारोह आयोजित कर विदाई दी. विजय कुमार सिंह वर्तमान में इनमोसा के कोल इंडिया स्तर कमेटी मे कार्यकारी अध्यक्ष और सीसीएल स्तरीय समिति मे उप महामंत्री के पद पर है. इस समारोह के दौरान पिपरवार इनमौसा कमेटी के द्वारा सेवानिवृत्ति विजय कुमार सिंह को बुके देकर स्वागत किया गया,जबकि उपहार प्रदान कर उन्हें विदाई दी गई.

## जंगली हाथियों के झुंड ने जमकर मचाया उत्पात



**सोनाहातू।** प्रखंड के पूर्वी क्षेत्र तिलाईपिड़ी, जिलिंगसेरेंग, पंडाडीह, चोकाहातू और भुरसुडीह गांव में शुक्रवार रात को जंगली हाथियों के झुंड ने जमकर उत्पात मचाया.भुरसुडीह गांव में गणेश महतो के घर का दो खिड़की और पंडाडीह गांव के नन्दो पुरान के घर को जंगली हाथियों का झुंड ने हमला कर घर को तोड़ दिया. घर में रखे चावल,धान को खाकर नष्ट कर दिया. परिवार वालों ने किसी तरह छत पर चढ़कर अपना जान बचाया.घटना के संबंध बताया जाता है कि रात लगभग 12 बजे रात में जंगली हाथियों का झुंड जंगल की तरफ से गांव पहुंचा. वहीं चोकाहतु गांव के धधी पुरान, श्रीहरि पुरान, चित्रसेन पुरान, राजेन पुरान, रोबिन पुरान, कांग्रेस पुरान, पंडाडीह गांव के मनसा पुरान, संजय सिंह मुंडा,तिलाई पिड़ी गांव के भरत महतो, भोलानाथ महतो, कमलाकांत महतो, तुलसी महतो और विश्वनाथ महतो के खेत में तैयार सब्जी आलू,मटर, टमाटर, बैगन, लौकी,गोभी, केला के फसल और खलिहान में रखे धान को भी खाकर तहस नहस कर दिया. काफी मशक्कत के बाद हाथियों को भगाया गया.रातों में हाथी की दहशत के चलते प्रखंड क्षेत्र के दर्जनों गाव के ग्रामीण रतजगा करने को विवश हैं. पिछले कुछ दिनों से इस क्षेत्र में आ धमके हाथी ने ग्रामीण अंचलों में जमकर उत्पात मचा रखा है.



## राशिफल

आचार्य प्रणव मिश्रा

**मेष** समय सामान्य है. शाम से चंद्रमा नीच का है. वाणी में हल्के शब्दों के प्रयोग से बचें. किसी व्यक्ति के उकसाने में न आएं. दुष्टजनों से बचकर रहें. दूर से शुभ समाचार प्राप्त होंगे. आत्मविश्वास में वृद्धि होगी. लाल फूल का दान करें.

**वृषभ** बेरोजगारी दूर करने के प्रयास सफल रहेंगे. व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी. कारोबार में वृद्धि के योग हैं. भाग्य का साथ रहेगा. प्रतिद्वंद्वी सक्रिय रहेंगे. भेंट व उपहार की प्राप्ति संभव है. प्रसन्नता रहेगी. इत्र का दान करें.

**मिथुन** योगा का सहारा लें. आर्थिक स्थिति बिगड़ सकती है. महत्वपूर्ण निर्णय लेने में जल्दबाजी न करें. वाणी पर नियंत्रण रखें. चिंता तथा तनाव बने रहेंगे. नौकरी में कार्यभार रहेगा. आपके कार्य के प्रभाव से व्यापार-व्यवसाय ठीक चलेगा.

**कर्क** समय सामान्य है. शिक्षा में लापरवाही नुकसान देगा. लाभ के अवसर हाथ आएंगे. नया कार्य करने का मन बनेगा. निवेश शुभ रहेगा. कारोबार में वृद्धि के योग हैं. नौकरी में प्रभाव बढ़ेगा. पारिवारिक सुख-शांति बनी रहेगी. मित्र मिलेंगे.

**सिंह** किसी महिला से विवाद हो सकता है. व्यापार-व्यवसाय की कार्यप्रणाली में सुधार होगा. सामाजिक सेवा करने की प्रेरणा मिलेगी. मान-सम्मान मिलेगा. धन प्राप्ति सुगम होगी. चोट व रोग से बाधा की आशंका है.

**कन्या** पूजा-पाठ में मन लगेगा. कारोबार से लाभ में वृद्धि के योग हैं. कोर्ट व कचहरी इत्यादि में स्थिति अनुकूल रहेगी. किसी विवाद में विजय प्राप्त हो सकती है. व्यापार में नए काम मिल सकते हैं. चिंता रहेगी. दुष्टजनों से बचकर रहें.

**तुला** वाहन व मशीनरी इत्यादि के प्रयोग में सावधानी रखें. शारीरिक कष्ट से बनते कामों में विघ्न हो सकता है. स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखें. क्रोध व उत्तेजना पर नियंत्रण रखें. व्यापार-व्यवसाय ठीक चलेगा. आय में निश्चितता रहेगी. चिंता रहेगी.

**वृश्चिक** कोर्ट व कचहरी तथा सरकारी कार्यालयों में रुके कामों में गति आएगी. विवाद का हल हो सकता है. जीवनसाथी को भेंट व उपहार देने का अवसर प्राप्त होगा. प्रसन्नता रहेगी. पारिवारिक सहयोग मिलता रहेगा. आय में वृद्धि होगी.

**धनु** स्थायी संपत्ति में वृद्धि के योग हैं. बेरोजगारी दूर करने के प्रयास सफल रहेंगे. आय में वृद्धि होगी. पार्टनरों से मतभेद दूर होकर स्थिति अनुकूल बनेगी. किसी से विवाद की आशंका है. मानहानि हो सकती है, सावधान रहें.

**मकर** किसी मनोरंजक यात्रा का कार्यक्रम बन सकता है. विद्यार्थी वर्ग अपने कार्य सफलतापूर्वक कर पाएंगे. परीक्षा व साक्षात्कार आदि में सफलता प्राप्त होगी. मनपसंद भोजन का आनंद प्राप्त होगा. अन्न दान करें.

**कुंभ** किसी व्यक्ति से अकारण विवाद हो सकता है. भागदौड़ के चलते स्वास्थ्य प्रभावित हो सकता है. लापरवाही न करें. किसी दुःखद समाचार मिलने की आशंका है. चिंता तथा तनाव रहेंगे. व्यापार-व्यवसाय ठीक चलेगा.

**मीन** भाग्य का साथ मिलेगा. कोई यात्रा का योग है. धर्म में मन लगेगा. शारीरिक कष्ट की आशंका है. प्रयास सफल रहेंगे. नौकरी में कार्य की प्रशंसा होगी. किसी बड़े कार्य को करने की इच्छा प्रबल होगी. कारोबार अच्छा चलेगा.

### आग्रह : सम्मेदशिखर के शाश्वत ट्रस्ट के महामंत्री के नेतृत्व में ट्रस्ट के प्रतिनिधियों ने जीम को सौंपा आठ सूत्री मांग पत्र

# पूर्व मध्य रेलवे के महाप्रबंधक के साथ अधिकारियों का जत्था पहुंचा मधुबन

संवाददाता। रांची



सम्मेदशिखर जी-जैनियों के विश्व प्रसिद्ध तीर्थस्थल श्रीसम्मेदशिखरजी रेलवे के महाप्रबंधक अनिल कुमार खण्डेलवाल एवं मण्डल प्रबंधक धनबाद कमल किशोर सिन्हा मधुबन पहुंचे, उनके साथ रेलवे अपर मण्डल प्रबंधक विनीत कुमार एवं अमित कुमार, वरीय मण्डल वाणिज्य प्रबंधक अमरेश कुमार, वरीय सुरक्षा मण्डल सुरक्षा आयुक्त मो सरफराज अहमद, वरीय मण्डल संकेत एवं दूरसंचार गौतम गुप्ता, वरीय मण्डल अभियंता सूरज कुमार, आलोक कुमार समेत कई अन्य अधिकारी उपस्थित रहें. उन्होंने मधुबन में सर्वप्रथम श्री दिगम्बर जैन शाश्वत तीर्थराज सम्मेदशिखर ट्रस्ट के निहारिका परिसर में स्थित कलश मंदिर का दर्शन किया.

ट्रस्ट के महामंत्री राजकुमार जैन अजमेरा हजारीबाग के निर्देश पर ट्रस्ट के अधिकारियों ने तिलक एवं दुपट्टा से रेलवे के सभी अधिकारियों का सम्मान किया एवं ट्रस्ट के महामंत्री अजमेरा की ओर से पारसनाथ स्टेशन और मधुबन पीआरएस की सुविधा को बढ़ाने के लिए अधिकारियों को ज्ञापन सौंपा गया. मांग पत्र में श्री सम्मेदशिखरजी की महिमा का वर्णन करते हुए आठ मुख्य बिंदुओं की मांग की गयी है. मांग पत्र में कहा गया है श्री सम्मेदशिखर (पारसनाथ) जिला-गिरिडीह में स्थित अल्पसंख्यक जैन धर्मावलम्बियों का विश्व में सबसे बड़ा एवं पूजनीय तीर्थस्थल है. यह क्षेत्र पारसनाथ स्टेशन से लगभग 25 किलोमीटर दूरी पर है एवं सभी ट्रेन से आने वाले यात्री इसी स्टेशन का इस्तेमाल करते हैं. धनबाद से इसकी दूरी लगभग 50 किलोमीटर है. भारत के सर्वाधिक महत्वपूर्ण तीर्थ स्टेशन होने पर भी पारसनाथ स्टेशन रेल विभाग द्वारा उपेक्षित रहा है. हर वर्ष श्री सम्मेदशिखर क्षेत्र के दर्शन करने हेतु लाखों यात्री आते हैं एवं ज्यादातर यात्रियों के लिए पारसनाथ स्टेशन का इस्तेमाल करना सर्वाधिक सुविधाजनक होता है.

**खास बातें**

- तिलक और दुपट्टा से किया गया रेलवे उच्चाधिकारियों का स्वागत
- अधिकारियों ने निहारिका परिसर में कलश मंदिर का किया दर्शन

अधिकारियों को प्रस्तुत ज्ञापन में पारसनाथ, मधुबन, गिरिडीह, नई रेल लाईन के स्वीकृत कार्य को अविलंब प्रारंभ करने, गरबा एक्सप्रेस 12937-12938, हावड़-दिल्ली दूरन्तो एक्सप्रेस 12274-12275, हमसफर एक्सप्रेस 22318 एवं भुवनेश्वर-आनंद विहार टर्मिनल 22805-22806 का ठहराव पारसनाथ स्टेशन पर करने करने की मांग की गयी है. झारखण्ड स्वर्ण जयन्ती एक्सप्रेस 12817-12818, रांची एलटीटी एक्सप्रेस 18609-18610, आरा रांची आरा एक्सप्रेस 18639-18640, सियालदह नई दिल्ली सियालदह राजधानी 12313-12314 एवं रांची नई दिल्ली रांची राजधानी एक्सप्रेस 12839-12840 का भी ठहराव पारसनाथ स्टेशन पर करने की मांग की गयी. ज्ञापन में ट्रेनों के ठहराव का समय को बढ़ाने, अयोध्या रेलवे स्टेशन के तर्ज पर भगवान पारसनाथ की प्रतिमा स्थापित करने, शिखरजी मधुबन रेलवे के पीआरएस. काउन्टर की समय सीमा रात्रि 8:00 बजे त करने की मांग की गयी है. साथ ही वातानुकूलित प्रतीक्षालय की भी मांग की गयी. मौके पर ट्रस्ट के प्रबंधक संजीव जैन, ए. सईदी, गंगाधर महतो, प्रकाश भवन के प्रबंधक सुजीत सिन्हा, शांतिधाम के प्रबंधक प्रभाष जैन, शैलेन्द्र जैन समेत दर्जनों लोग उपस्थित थें।कोडरमा मीडिया प्रभारी जैन राज कुमार अजमेरा मौजूद थे.

### रांची में राष्ट्रीय जनजाति सम्मेलन 11 फरवरी को, व्यापक तैयारियां

# बदले सियासी हालात में भाजपा को कितना मिलेगा राष्ट्रीय जनजाति सम्मेलन का लाभ

सत्य शरण मिश्रा। रांची

भाजपा ने 11 फरवरी को रांची में विशाल राष्ट्रीय जनजाति सम्मेलन बुलाया है. इसे लेकर भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा जोरशोर से तैयारी कर रहा है. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी इस सम्मेलन में आने वाले हैं. भाजपा ने सम्मेलन की घोषणा तब की थी, जब राज्य में हेमंत सोरेन की सरकार थी. अब सियासी समीकरण बदल चुका है. हेमंत सोरेन जेल में हैं और राज्य में चंपई सोरेन की सरकार है. झारखंड की आदिवासी सुरक्षित 5 लोकसभा और 28 विधानसभा सीटों के जनजातियों को साधने के लिए भाजपा ने यह सम्मेलन बुलाया है. हेमंत सोरेन और उनकी सरकार पर लगे भ्रष्टाचार के आरोपों को मुद्दा बना कर भाजपा इस रैली के जरिए आदिवासी वोटरों को अपना संदेश देना चाहती थी. सम्मेलन का मुख्य मुद्दा अभी भी पूर्ववर्ती हेमंत सरकार ही होगा. कांग्रेस और राजद भी भाजपा नेताओं के निशाने पर रहेंगे, लेकिन कहा जा रहा है कि हेमंत सोरेन की गिरफ्तारी के बाद आदिवासियों के बीच पनपे आक्रोश के कारण भाजपा अब इस रैली का बहुत ज्यादा फायदा नहीं उठा पाएगी.

**हेमंत सोरेन की गिरफ्तारी से भाजपा के सम्मेलन पर पड़ सकता है असर :** हेमंत सोरेन की गिरफ्तारी के बाद भाजपा लोगों को यह बता रही है कि हेमंत सोरेन भ्रष्टाचार के मामले में जेल गये हैं. उन्होंने जमीन की हेराफेरी की है. उधर झामुमो, राजद और कांग्रेस हेमंत सोरेन की गिरफ्तारी को भाजपा की साजिश बता रहा है. हेमंत सोरेन के पिता शिबू सोरेन झारखंड के आदिवासियों के सर्वमान्य नेता हैं. झारखंड में झामुमो और उसके सहयोगी दल जनजाति वोटरों के यह संदेश देने की कोशिश कर रहे हैं कि हेमंत सोरेन आदिवासी नेता हैं इसलिए केंद्र सरकार ने उन्हें प्रताड़ित करने के लिए झूठे केस में फंसाया है. राज्य के आदिवासी बहुल इलाकों में झामुमो की मजबूत पकड़ है इसलिए झामुमो आदिवासियों के बीच भाजपा के खिलाफ माहौल बनाने में काफी हद तक कामयाब हो सकता है. अगर ऐसा हुआ तो भाजपा के सम्मेलन पर असर पड़ सकता है.



सम्मेलन की तैयारी बैठक में भाग ले रहे भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी

**जनजातीय सम्मेलन को सफल बनाने को लेकर बनी रणनीति**

**जमशेदपुर।** रांची में 11 फरवरी को भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जनजाति मोर्चा की ओर से राष्ट्रीय जनजाति सम्मेलन की सफलता एवं व्यापक भागीदारी को लेकर भाजपा जमशेदपुर महानगर अनुसूचित जनजाति मोर्चा की महत्वपूर्ण बैठक शनिवार को सम्पन्न हुई. मोर्चा के जिलाध्यक्ष बीनानंद सिरका की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में जिला परिषद अध्यक्ष बारी मुर्मू जिला, जिला के प्रभारी राम सिंह मुंडा, प्रदेश प्रवक्ता काजू सांडिल, प्रदेश कार्य समिति सदस्य उपेंद्र सरदार, भाजपा जिला उपाध्यक्ष संजीव सिन्हा मुख्यरूप से उपस्थित थे. इस दौरान रांची के प्रभात तारा मैदान में होने वाले जनजाति सम्मेलन में जमशेदपुर महानगर के जनजातीय समाज की सक्रिय एवं अधिक से अधिक भागीदारी को लेकर व्यापक चर्चा कर रूपरेखा बनाई गई. बैठक में सम्मेलन की सफलता के निमित्त जिला एवं विधानसभा स्तर पर संयोजक एवं सह संयोजक की नियुक्ति की गई. जिसमें जिला संयोजक रमेश बास्के एवं सह संयोजक विजय सोय को बनाया गया. बैठक में जनजाति सम्मेलन में हजारों कार्यकर्ताओं व आमजनों के भाग लेने की रूपरेखा बनाई गई. विधानसभा स्तर पर संयोजक एवं सह संयोजक बनाये गए है. जिसमें जुगसलाई विधानसभा संयोजक शरद सिंह सरदार एवं सह संयोजक गणेश सोलंकी व माला मुंडा बनाए गए.

**केंद्रीय नेतृत्व कर रहा फायदा, नुकसान का आकलन: शिवशंकर**

बदले हुए सियासी हालात के बाद आदिवासी सम्मेलन को लेकर प्रदेश भाजपा के नेता भी कुछ खुल कर नहीं बोलना चाह रहे हैं. भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष और पूर्व विधायक शिवशंकर उरांव को सम्मेलन का कार्यक्रम प्रमुख बनाया गया है. जब उनसे जानने की कोशिश की गई कि मौजूदा राजनीतिक हालात में इस सम्मेलन से भाजपा को कितना फायदा मिलेगा, तब उन्होंने इसपर कुछ भी कहने से इनकार कर दिया. उन्होंने कहा कि इस विषय का आकलन पार्टी का राष्ट्रीय नेतृत्व कर रहा होगा. इसलिए इसपर कोई प्रतिक्रिया देना उनके लिए उचित नहीं होगा.

# एनटीटीएफ के 4 छात्र फैनुक में 5 लाख के पैकेज पर लॉक



मुख्य संवाददाता। जमशेदपुर

जमशेदपुर के गोलमुरी स्थित एनटीटीएफ आरडीटाटा तकनीकी संस्थान में फैनुक कंपनी द्वारा कैंपस सिलेक्शन किया गया. जिसमें सर्वप्रथान लिखित परीक्षा, छात्रों की व्यक्तिगत प्रतिभा, तकनीकी क्षमता को परखा गया एवं फाइनल सिलेक्शन इंटरव्यू राउंड के बाद किया गया. इसमें छात्रों ने अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए संस्थान को गौरवांवित किया. फैनुक कंपनी द्वारा एनटीटीएफ के चार छात्रों को पांच लाख रुपये सालाना पैकेज पर लॉक किया गया. सभी छात्रों ने पांच राउंड के सिलेक्शन प्रक्रिया में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर अपनी जगह इस कंपनी में बनायी. चयनित छात्रों में सुखमीत सिंह, हर्षदीप सिंह, शाहिल राय और अभिनंदन दास मोदक शामिल हैं. ये सभी सीपी-15 फाइनल ईयर डिप्लोमा इन मेकाट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग के छात्र हैं. सभी छात्रों को ने पांच लाख के पैकेज पर बैंगलुरु स्थित फैनुक कंपनी के लिए लॉक किया गया है.

# सेवानिवृत्ति के बाद अपने सामाजिक जीवन को बेहतर बनाने की सलाह

संवाददाता। बोकारो

बोकारो जिले के कसमार प्लस टू हाई स्कूल के प्रांगण में शिक्षा विभाग की ओर से सम्मान सह स्वागत समारोह का आयोजन किया गया. इस कार्यक्रम में कसमार के सेवानिवृत्त बीईइओ घनश्याम साहू को विदाई एवं पदभार ग्रहण करने वाले बीईइओ कामेश्वर महतो का स्वागत किया गया. कार्यक्रम में गोमिया विधायक डॉ. लंबोदर महतो, प्रमुख नियोति दे, स्थानीय जिप सदस्य अमरदीप महाराज एवं मुखिया गीता देवी मुख्य रूप से उपस्थित थे. इस अवसर पर सेवानिवृत्त बीईइओ घनश्याम साहू अपनी पत्नी समेत परिवार के अन्य कई सदस्यों के साथ मौजूद थे. इस दौरान कार्यक्रम के मुख्य अतिथि गोमिया विधायक डॉ. लंबोदर महतो ने कहा कि सरकारी सेवा से कभी कोई अधिकारी या कर्मी सेवानिवृत्त नहीं होते हैं, बल्कि वे एक तरह से विभागीय जिम्मेवारियों से मुक्त होकर सामाजिक व पारिवारिक जिम्मेदारियों की शुरुआत करते हैं. उन्होंने बताया कि कसमार बीईइओ घनश्याम साहू की कार्य के प्रति कर्तव्यनिष्ठा एवं समर्पण को लोग एवं शिक्षक लंबे समय तक अपने दिलों में बसाकर रखेंगे. कार्यक्रम के दौरान कसमार प्रमुख नियोति दे,

## कस्तूरबा में कक्षा छह में नामांकन 10 तक

**डंडई।** कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय में सत्र 2024-2025 के लिए कक्षा छह में नामांकन के लिए फॉर्म लेने का समय बढ़ा दी गई है. अब अभिभावक कक्षा छह में नामांकन के लिए नामांकन फार्म 10 फरवरी तक विद्यालय के कार्यालय से प्राप्त कर सकते हैं. जानकारी देते हुए विद्यालय की वार्डन तनुजा कुमारी ने बताया कि विद्यालय में नामांकन को लेकर 19 दिसंबर से फार्म का वितरण शुरू किया गया है. वर्ग छह में नामांकन को लेकर फार्म कार्यालय अवधि में विद्यालय से प्राप्त किया जा सकता है. नामांकन में प्रखण्ड के अनूसूचित जाति, अनूसूचित जन जाति, अन्य पिछड़ा वर्ग, अल्प संख्यक समुदाय एवं वैसे परिवार की बालिकाओं का चयन किया जाना है जो गरीबी रेखा से नीचे हैं.

## लोगों को है भाकपा माले पर विश्वास : यादव

**जमुआ (गिरिडीह)।** भाकपा माले गिरिडीह द्वारा आयोजित 17 एवं 18 फरवरी को जिला सम्मेलन को लेकर भाकपा माले प्रखंड कमेटी की जीबी बैठक जमुआ के चुंगलखार स्थित पंचायत भवन के समीप की गई . जिसकी अध्यक्षता सुभाष सिंह ने की. जबकि संचालन रमेश विश्वकर्मा ने किया .बैठक में पश्चिमी जिला परिषद के पार्टी कार्यकर्ता शामिल थे. कार्यक्रम में मुख्य अतिथि राजधनवार के पूर्व विधायक राजकुमार यादव ने कहा कि भाकपा माले द्वारा आयोजित कार्यक्रम में जाकर सफल बनाना है. कहा लोगों को सिर्फ भाकपा माले पर विश्वास है. जमुआ विधानसभा नेता अशोक पासवान, जिला परिषद सदस्य विजय पाण्डेय, करिहारी पंसस सुरेश चंद्रवंशी, लक्ष्मण यादव आदि उपस्थित थे.

## प्रिय रंजन बने आयकर विभाग के लोक अभियोजक



**जमशेदपुर।** जमशेदपुर जिला बार एसोसिएशन के वरीय अधिवक्ता प्रिय रंजन कुमार को आयकर विभाग का (विशेष सार्वजनिक ) लोक अभियोजक के रूप में प्रतिनियुक्त किया गया हैं. इसकी घोषणा गवर्नमेंट ऑफ़ इंडिया मिनिस्ट्री ऑफ़ फाइनेंस (डिपार्टमेंट ऑफ़ रेवेनुए सेंट्रल बोर्ड का डायरेक्ट टैक्स) ने अधिसूचना जारी करते हुए दी हैं. झारखंड राज्य के लिए जमशेदपुर से प्रिय रंजन कुमार और धनबाद से पंकज कुमार प्रसाद चयनित किया गया हैं. इन दोनों चयनित अधिवक्ताओं को राज्य के सेशन जज एवं उनकी अधीनस्थ न्यायालय में आयकर विभाग की ओर से पक्ष रखेंगे.

# डीवीसी के नये चैयरमैन मैथन पहुंचे



संवाददाता। मैथन

दामोदर घाटी निगम (डीवीसी) के नए चैयरमैन एस सुरेश कुमार ने शनिवार को पहली बार मैथन परियोजना का दौरा किया. डीवीसी चैयरमैन के साथ वरिष्ठ महाप्रबंधक (यांत्रिक) सुभाष सिंह भी थे. चैयरमैन श्री कुमार के मैथन पहुंचने पर मैथन परियोजना के कार्यपालक निदेशक सह परियोजना प्रधान अंजनी कुमार दुबे ने चैयरमैन कैंप हाऊस में उन्हें पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया. इसके बाद सीआईएसएफ के जवानों ने उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर दिया.

मौके पर चैयरमैन कुमार ने कैंप हाऊस में पौधारोपण किया तथा मैथन डैम बनाए गए फ्लावर गार्डन का निरीक्षण किया. इसके बाद कुमार डीवीसी प्रशासनिक भवन पहुंचे, जहां एचपी सभागार में एमआरओ विभाग द्वारा हाइड्रोलॉजी से संबंधित बाढ़ पूर्वानुमान तथा अन्य पहलुओं की जानकारी देते हुए पीपीटी प्रेजेंटेशन दिया. इसके बाद श्री कुमार ने मैथन परियोजना के अधिकारियों के साथ बैठक कर बिजली उत्पादन, डैम की सुरक्षा, कर्मियों की समस्या आदि मुद्दे की जानकारी ली और आवश्यक दिशानिर्देश दिया. इस दौरान चैयरमैन कुमार के साथ वरिष्ठ महाप्रबंधक संजीत कुमार सिंह तथा परियोजना के विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे.

## प्रभारी ने भारत जोड़ो न्याय यात्रा के रूट का लिया जायजा

**मेदिनीनगर।** राहुल गांधी की प्रस्तावित भारत जोड़ो न्याय यात्रा को लेकर एआईसीसी से नियुक्त यात्रा के प्रभारी सुशांत मिश्रा के शनिवार को पलामू आगमन पर पलामू कांग्रेस जिलाध्यक्ष बिट्टू पाठक एवं पार्टी के पदाधिकारियों ने उनका स्वागत किया. साथ ही राहुल गांधी के भारत जोड़ो में यात्रा के और रूट को लेकर चर्चा करने के साथ ही स्थल निरीक्षण किया. वहीं प्रस्तावित रूट के जायजा लेते हुए राहुल गांधी के भारत जोड़ो न्याय यात्रा के संबंध में स्थानीय लोगों से भी चर्चा की. जिलाध्यक्ष बिट्टू पाठक ने कहा कि भारत जोड़ो न्याय यात्रा को लेकर लोगों में काफी उमंग देखने को मिल रहा है. जनप्रिय नेता राहुल गांधी ने मणिपुर से मुंबई तक 6700 किलोमीटर से ज्यादा भारत जोड़ो न्याय यात्रा की शुरुआत की है और जिस प्रकार का समर्थन व प्यार उन्हें मिल रहा है, यह देखकर भारतीय जनता पार्टी घबराई हुई है.

### पलामू में 11 को ओबीसी मोर्चा व अधिकार मंच का होगा महासम्मेलन

# जातीय जनगणना कराये सरकार: जुगल

संवाददाता। लातेहार



अधिकार मंच, पलामू प्रमंडल के संयोजक जुगल पाल ने झारखंड राज्य में जातीय जनगणना कराकर ओबीसी का सामाजिक, आर्थिक एवं शैक्षणिक रिपोर्ट जारी करने की मांग सरकार से की. इसके अलावा उन्होंने किसानों का समर्थन मूल्य बढ़ाने एवं नगर निकाय व पंचायत चुनाव में पिछड़ा वर्ग के लिए निर्धारित रोस्टर के अनुसार आरक्षण देने की मांग की. श्री पाल शनिवार को शहर के माको डाक बंला में राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा एवं अधिकार मंच के संयुक्त प्रेस वार्ता को संबोधित कर रहे थे.

मौके पर ओबीसी आयोग के सदस्य लक्षमण यादव, राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष राजेश गुप्ता, अधिकार मंच के संयोजक मंडली के ब्रह्मदेव साव, शंकर प्रताप विश्वकर्मा, अजय वर्मा, रिटायर डीएसपी सरवन कुमार, विनय चंद्रवंशी, वरुण बिहारी प्रसाद, अख्तर अंसारी, राज नारायण, लक्ष्मण यादव, लातेहार के पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष सुशील अग्रवाल एवं ओबीसी मोर्चा के लातेहार जिला अध्यक्ष शत्रुघ्न प्रसाद शामिल थे. प्रेस वार्ता में बताया गया कि आगामी 11 फरवरी को पलामू के शिवाजी मैदान में प्रमंडलीय पिछड़ा वर्ग, ओबीसी मोर्चा व अधिकार मंच का महासम्मेलन का आयोजित किया जायेगा.अधिकार मंच के संयोजक ब्रह्मदेव साव ने कहा कि किसी भी राजनीतिक दल द्वारा ओबीसी को उसका हक व अधिकार नहीं दिया जा रहा है. लातेहार में ओबीसी का आरक्षण शून्य हैं. ओबीसी के हक व अधिकार के लड़ाई के लिए 11 फरवरी को पलामू के शिवाजी मैदान में प्रमंडलीय महासम्मेलन का आयोजन किया जायेगा. ओबीसी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष राजेश गुप्ता ने कहा कि ओबीसी को अपने हक की लड़ाई के लिए आगे आना होगा. मौके पर महेंद्र प्रसाद गुप्ता, रामप्यारे प्रसाद, मोती सोनी, सुनील शौंडिक, रंजीत यादव व नागेंद्र प्रसाद आदि मौजूद थे.

**जोरदार तैयारी** राहुल गांधी 6 फरवरी को पहुंचेंगे खूंटी, कांग्रेस कार्यकर्ताओं में उत्साह

# खूंटी में ऐतिहासिक होगी भारत जोड़ो न्याय यात्रा: गीता कोड़ा

संवाददाता। चाईबासा



कांग्रेस के सर्वमान्य नेता राहुल गांधी के छह फरवरी को खूंटी आगमन को लेकर तैयारी जोरों पर है. सिंहभूम लोकसभा स्तरीय कांग्रेस ईकाई जोर-शोर से जुट गई है. शनिवार को कांग्रेस भवन चाईबासा में जिलाध्यक्ष चंद्रशेखर दास की अध्यक्षता में भारत जोड़ो न्याय यात्रा के संदर्भ में सिंहभूम की सांसद सह झारखण्ड प्रदेश कांग्रेस कार्यकारी अध्यक्ष गीता कोड़ा की उपस्थिति में जिला कांग्रेस कमेटी पश्चिम सिंहभूम के पदाधिकारियों तथा प्रकोष्ठ विभाग संगठन के अध्यक्ष / चेयरमैन के साथ एक अति आवश्यक बैठक की गई.

बैठक को संबोधित करते हुए सिंहभूम की सांसद सह झारखण्ड प्रदेश कांग्रेस कार्यकारी अध्यक्ष गीता कोड़ा ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि खूंटी में छह फरवरी 2024 को राहुल गांधी के भारत जोड़ो न्याय यात्रा को लेकर जगह-जगह पर व्यापक तैयारियां की जा रही है. सांसद ने कहा कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा ऐतिहासिक होगी. उन्होंने कहा कि पूरे सिंहभूम लोकसभा क्षेत्र से इस भारत जोड़ो न्याय यात्रा के दौरान राहुल गांधी के साथ जुड़ेंगे. भारत जोड़ो न्याय यात्रा भगवान बिरसा मुंडा की पावन भूमि खूंटी , झारखंड में ऐतिहासिक होने वाला है. जिसमें युवाओं और महिलाओं की भागीदारी बड़ी संख्या में होगी. बैठक का संचालन कांग्रेस जिला महासचिव त्रिशानु राय और धन्यवाद ज्ञापन कांग्रेस जिला महासचिव राज कुमार रजक ने किया.

बैठक में युवा कांग्रेस जिलाध्यक्ष प्रीतम बांकिरा, यूथ इंटक अध्यक्ष कुतुबुद्दीन खान, ओबीसी प्रकोष्ठ अध्यक्ष रंजीत यादव , अल्पसंख्यक जिला उपाध्यक्ष जहाँगीर आलम , जिला कांग्रेस महासचिव बालेमा कुई , मो.सलीम , लियोनार्ड बोदरा , अविनाश कोड़ाह , सचिव जामबी कुदादा , लाल मोहन दास , विश्वनाथ तामसोय , प्रवक्ता जितेन्द्र नाथ ओझा , कोषाध्यक्ष ललित कर्ण , युवा कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष सलीम कुरैशी ,प्रखंड अध्यक्ष दिकु सावैयां , मंजित प्रधान ,ईस्माईल सिंह दास , साकारी दोंगो , नगर अध्यक्ष रमेश ठाकुर , अमन महतो , शरण मंडल , राखी सालुजा , राणा बोस , अमीर अंसारी , लवी शर्मा , मनोज सिंह , मो.असलम , अजित कांडेयांग , सुरसेन टोपनो , गोल्डन खान , राकेश सिंह , बच्चन खान , बिगनो रंजन दास , ब्रज मोहन देवगम आदि उपस्थित थे.

## ससमय राशन और चना वितरण करने का निर्देश

**गावां (गिरिडीह)।** गावां प्रखंड मुख्यालय सभागार में शनिवार को प्रभारी प्रखंड कृषि पदाधिकारी प्रदीप राम ने राशन डीलरों के साथ समीक्षात्मक बैठक कर सभी राशन डीलर को ससमय राशन और चना दाल वितरण करने का निर्देश दिया. साथ ही आधार सिडिंग के सभी कार्यों को शत-प्रतिशत पूर्ण करने पर बल दिया ताकि वैसे लाभुक जो अंगूठा नहीं लगने की वजह से योजना का लाभ लेने से वंचित रह गए हैं वे भी लाभ ले सकें. इसके अलावा मृत या छह माह से राशन उठाव नहीं करने वाले लाभुक का नाम विलोपित करने का निर्देश दिया. बैठक में राशन डीलर धीरज सिंह, आनन्द सिंह, बृजनन्दन साव, देवान मरांडी, बृजनन्दन पांडेय, अनुरूपा देवी आदि डीलर मौजूद थे.

# बंगाली समाज की गीताश्री का मरणोपरांत किया गया नेत्रदान

संवाददाता। मेदिनीनगर

बंगाली समाज के सशक्त स्तंभ के रूप में पहचान रखनेवाली मेदिनीनगर निवासी गीताश्री मल्लिक (82) का कल शाम निधन हो गया. मृत्यु के बाद उनकी अंतिम इच्छा के अनुरूप में कश्यप आई हॉस्पिटल में उनकी आंखों का दान किया गया. बता दें कि गीताश्री मल्लिक रांची स्थित माता रामप्यारी हॉस्पिटल में विगत कुछ दिनों से इलाजरत थीं. उनकी पहचान बंगाली समाज के साथ-साथ अन्य जगहों में भी एक समाजसेवी और सांस्कृतिक गतिविधियों में भाग लेने वाली महिला के रूप में थी. वह शहर में आयोजित सांस्कृतिक और सामाजिक कार्यक्रमों के आयोजन में भी सशक्त भूमिका निभाती रही थीं. उन्होंने अपनी पुत्र वधु तमन्ना मल्लिक को भी नृत्य के क्षेत्र में काम करने के लिए काफी प्रोत्साहित किया. गीताश्री मल्लिक का दाह संस्कार शनिवार को स्थानीय हरिश्चंद्र घाट पर किया गया. मुखाग्नि उनके पुत्र सेसा के महासचिव डॉ कौशिक मल्लिक ने दी. इस अवसर पर उनके छोटे पुत्र किंशुक मल्लिक, दामाद अरुण विश्वास भी मौजूद थे. गीताश्री मल्लिक के निधन पर पूर्व चेयरमैन सुरेंद्र सिंह, प्रथम मेयर अरुणा शंकर, दुर्गा बाड़ी के अध्यक्ष देवेश मोइत्रा, सचिव दिवेंदु गुप्ता, बंगाली समिति के सचिव सैकत चटर्जी आदि ने शोक व्यक्त किया है.

